डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

# रॉयल पत्रिका

वर्ष :19 | अंक : 23 | पेज: 8 | जयपुर, सोमवार,08 जुलाई से 14 जुलाई, 2024 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

## राजस्थान में अपने पुराने वोट बैंक की ओर लौट रही है कांग्रेस

### -संगठन में भी अब एससी एसटी और ओबीसी वर्ग को तरजीह मिलने लगी
### -प्रदेश में एसटी एससी ओबीसी की जनसंख्या 85 प्रतिशत



जयपुर(रॉयल पत्रिका) । राजस्थान प्रदेश में कांग्रेस का भविष्य अच्छा हो सकता है ? इसका मुख्य कारण है कि कांग्रेस पार्टी संगठन में अब पुराने वोट बैंक वाले वर्गों को दरजी मिलने लगी है। कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को बनाया जिसके कारण प्रदेश का किसान वर्ग कांग्रेस से मजबूती से जुड़ गया है। कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा जाट समुदाय के मजबूत नेता तो है ही साथ मंर प्रदेश के एकमात्र कांग्रेस नेता है जो भाजपा, आरएसएस और आरएसएस की नीतियों के खिलाफ खुलकर बोलते हैं । यही कारण है कि भाजपा विरोधी वॉटर कांग्रेस से आसानी से जुड़ जाते हैं। इसी तरह कांग्रेस ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को बनाकर प्रदेश के दलितों को जोड़ने का कार्य किया है । प्रदेश के दलितों को कांग्रेस ने वोट बैंक समझ लिया था, यही कारण है की दलित कभी बसपा कभी बीजेपी और कभी अन्य पार्टियों से जुड़ते गए और कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ा। कांग्रेस संगठन में पहले दलित, पिछड़ों को तरजीह नहीं दी जाती थी जो अब मिल रही है। कांग्रेस अपने सबसे बड़े वोट बैंक मुस्लिम वर्ग के बारे में अभी भी लापरवाह है। कांग्रेस प्रदेश में मुस्लिम वर्ग को ने तो पार्टी संगठन में कोई ज्यादा तरजीह दे रही और न ही पार्टी मंचों पर। कांग्रेस पार्टी मुसलमानो को अभी भी सिर्फ वोट बैंक समझ रही है। कांग्रेस के संगठन, मंत्रिमंडल में पहले ऐसे नेताओं को तरजीह मिलती थी जिनकी जाति वर्ग के वोट बीजेपी को जाते हैं और जब पार्टी थोड़ी कमजोर दिखाई देती है तो अंदरूनी और खुलकर भाजपा को समर्थन देते आए हैं। कांग्रेस में गद्दार नेताओं की कोई कमी नहीं है। कांग्रेस के दो कद्दावर नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट कभी भी आरएसएस के खिलाफ नहीं बोलते हैं। फिर भी प्रदेश में कांग्रेस का सुनहरा भविष्य है क्योंकि कांग्रेस 85 प्रतिशत वोट बैंक की राजनीति करने लगी है जिसमें आरक्षण, संविधान बचाने के बात महत्वपूर्ण है ।

## भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जल्दी ही सड़कों पर विरोध दिखाई देने लगेगा

### -बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी सरकार की मुसीबत बन सकती है





जयपुर । प्रधानमंत्री मोदी के लिए देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना बड़ी कामयाबी है। मोदी किसी भी तरह चुनाव जीत कर तीसरी बार प्रधानमंत्री तो बन गए लेकिन देश के सामने आ रही आर्थिक शैक्षणिक एवं सामाजिक समस्याओं से पार पाना आसान नहीं होगा । क्योंकि अब देश की जनता का ध्यान धार्मिक एवं सांप्रदायिक विषयों पर फोकस करके डाइवर्ट नहीं किया जा सकता है । इस बार विपक्ष संसद में मजबूत है और महंगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं आर्थिक मामलों पर सरकार को संसद में घेरे रखेगा । वर्तमान सामने संकट खड़ा हो सकता है । इसी तरह युवाओं में बेरोजगारी भी चरम सीमा पर पहुंच गई है। पढ़े-लिखे योग्य लोगों को उनकी पसंद का जॉब नहीं मिल रहा है । ऐसे परिवारों को अपने घरों का खर्चा चलाने में मुश्किल खड़ी हो रही है । मोदी की नई सरकार ने रोजगार बढ़ाने एवं महंगाई कम करने के लिए अभी तक कोई कारगर कदम नहीं उठाया है । जनता में बेचैनी है, लेकिन सरकार अंदाजा नहीं लगा पा रही है । मोदी सरकार चुनावों से पहले की स्थिति में है कि भाजपा 400 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतेगी । लेकिन जीती 240 सीट । इसलिए मोदी सरकार को में महंगाई अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है, आम जनता और गरीब जनता के लिए महंगी हरी सब्जियां, दाल एवं चीनी- तेल खरीदना मुश्किल हो रहा है । हरी सब्जियां और खाद्य पदार्थ इतनी महंगी हो गई हैं कि मीडिया ईमानदारी से दिखाए तो सरकार के आंकलन करना चाहिए । कुछ दिनों बाद महाराष्ट्र, बिहार और हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, इन प्रदेशों में भाजपा की स्थिति ज़्यादा मजबूत नहीं है । ऐसे में मोदी सरकार जनता को भाजपा के फेवर में करने के लिए महंगाई को कम करने एवं रोजगार बढ़ाने के लिए ठोस कदम करना चाहिए । यदि ऐसा नहीं कर पाती है मोदी सरकार तो सरकार अल्पमत में भी आ सकती है और सरकार गिर भी सकती है। इसलिए मोदी सरकार को धार्मिक एवं सांप्रदायिक मुद्दों को छोड़कर सिर्फ विकास एवं आर्थिक तरक्की पर ध्यान देना चाहिए।

## राजस्थान वक़्फ़ बोर्ड में सीइओ नसीम खान की मनमानी

### -आमदनी वाली कमेटियों को दबाव में लाने की कोशिश
### -बोर्ड में भाई को फोर्थ क्लास की नौकरी नियुक्ति दी

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान वक़्फ़ बोर्ड में 3-4 महीने पहले सीईओ पद पर नियुक्त सीनियर आरएएस अधिकारी नसीम खान बोर्ड में मनमानी करने के लिए जाने जाने लगी हैं। नसीम मैडम से कोई जानकारी पूछ ले तो कहती है मेरे स्टाफ से पूछ लो। दूसरी तरफ सीईओ नसीम खान ने राजस्थान में बड़ी वक़्फ़ संपत्तियों की इंतजामियां कमेटियों को नोटिस टिका दिए हैं। ऐसी कमेटीयों की संख्या एक दर्जन से ज्यादा बताई जा रही है। नोटिस वाली वक़्फ़ कमेटीयों ने वक़्फ़ संपत्तियों को अच्छी तरह विकसित किया है और वक़्फ़ बोर्ड को भी सालाना अंशदान दे रही है। फिर इन वक़्फ़कमेटियों पर नोटिस देकर क्यों दबाव बनाया जा रहा है समझा जा सकता है। इसी तरह एक सर्कुलर निकाल कर बोर्ड मेम्बर से एक-एक करके हस्ताक्षर करवा कर सीईओ नसीम खान ने अपने विकलांग भाई को पियोन के पद पर नियुक्ति दे दी है जो कुछ महीनो बाद परमानेंट हो सकता है। सीईओ का वक़्फ़ बोर्ड में यह भाई भतीजाबाद जग जाहिर हो गया है। सीईओ और कुछ बोर्ड स्टाफ का घट जोड़ बोर्ड को कितना फायदा पहुंचाएगा यह तो वक्त बताएगा। लेकिन सीईओ पर पहले भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगा चुके हैं। जिनके कारण इनकी कार्यशैली पर शक की नजर से देखा जाता हैं।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा शिक्षक पत्नी सुनीता के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के कार्यक्रम में पहुंचे और पत्नी को दी शुभकामनाएं

सीकर( रॉयल पत्रिका)। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की शिक्षक पत्नी सुनीता ने शुक्रवार को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। डोटासरा शुक्रवार को सेवानिवृत्ति के मौके पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवसिंहपुरा सीकर पहुंचे और विद्यालय द्वारा आयोजित सेवानिवृत्ति के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सेवानिवृत्ति के मौके पर पत्नी को शुभकामनाएं दी और विद्यालय परिवार के लोगों



का आभार व्यक्त किया। डोटासरा की शिक्षक पत्नी सुनीता ने 35 वर्ष नौकरी कर 5 साल पहले ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली।

## अपराध मुक्त राजस्थान बनाना प्राथमिकता- —गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह



जयपुर ।(रॉयल पत्रिका) राजस्थान के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह ने कहा कि सरकार आने के बाद अपराध का ग्राफ गिरा है। सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

शेष पृष्ठ 2 पर




## टीम भावना के साथ काम कर जिले के सर्वांगीण विकास को गति दें- भूपेंद्र यादव

जयपुर ( रॉयल पत्रिका)। केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को अलवर कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिये कि टीम भावना के साथ समन्वित प्रयासों से जिले के सर्वांगीण विकास को गति देवे व आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण किया जावे। मंत्री यादव ने अलवर शहर के वेस्ट मैनेजमेंट, पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता की समीक्षा कर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि वर्षा ऋतु में नालों आदि की सफाई कार्य हेतु संसाधनों में इजाफा करे जिसमें 6 जेसीबी मशीन व 12 ट्रैक्टर व अन्य संसाधन आवश्यकतानुसार लेकर 8 जुलाई से सफाई का विशेष अभियान प्रारम्भ करे।उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था में सिंगल यूज प्लास्टिक एक बडी बाधा है अतः नगर निगम सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन, संग्रहण एवं विक्रय पर कडाई से लगाम लगाने हेतु कार्रवाई करें। साथ ही आमजन को जागरूक करें कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को व्यवहार में लाए। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर के ऐसे स्थानों को चिन्हित करे जहां पर लोगों द्वारा कचरा फैलाया जाता है वहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर कचरा फैलाने व्यक्तियों को सार्वजनिक किया जाए। केंद्रीय वन, पर्यावरण मंत्री ने कहा कि शहर की स्वच्छता, वेस्ट मैनेजमेंट आदि में सुधार हेतु निर्देश दिये कि नगर निगम महापौर व आयुक्त 6 जुलाई को इन्दौर जाए जहां नगर निगम इन्दौर के अधिकारियों से स्वच्छता में नम्बर वन बने रहने के लिए किए जा रहे कार्यों आदि की जानकारी लेवे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि एनसीएटी योजना व कचरा निस्तारण प्रबंधन हेतु केन्द्र सरकार के विभागीय अधिकारियों को विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर भिजवाए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि अलवर जिला वाणिज्य एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक व अन्य संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अग्यारा स्थित एसटीपी के परिशोधित जल (ट्रिटेड वाटर) का उपयोग औद्योगिक उपयोग में लिया जावे जिससे एमआईए क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों द्वारा उपयोग में लिया जा रहा भूजल बचाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में वार्डवार बैठक भी लेवे। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर के सुलभ शौचालय साफ रहे। उन्होंने कहा कि अलवर शहर में परिस्थिति के संतुलन एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु पुराना भूरासिद्ध मंदिर के पास मातृवन विकसित कराया जाएगा जिसकी शुरूआत 7 अगस्त को बडी संख्या में पौधे लगाकर की जाएगी। उन्होंने पेयजल, विद्दुत, नगर विकास न्यास, पीडब्ल्यूडी एवं अन्य विभागों की समीक्षा कर



निर्देश दिये कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का संचालन समन्वित रूप से टीम भावना के साथ करें। इस दौरान नगर निगम महापौर घनश्याम गुर्जर, अलवर जिला कलक्टर आशीष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# जयपुर शहर का बिगड़ता स्वरूप

सुनील शर्मा, शिक्षाविद

मेरा खूबसूरत शहर जयपुर जिस ढंग से दम तोड़ रहा है, उसे देख कर दिल जार-जार रोता है। एक-सवा इंच बारिश हुई नहीं कि पूरा शहर जाम, सड़के नदियों में और चौराहे लहर मारते कीचड़ के समुंदर में तब्दील। रोना तो इस



बात का है कि शिकायत करे भी तो किस से करे? नगर निगम, कलेक्टर ऑफिस, मुख्यसचिव आवास इनके तो ख़ुद के हाल ही बेहाल है। निगम कार्यालय और कलेक्टर ऑफिस तो ख़ुद ही तालाब हो चले है, चलिए ये तो ब्यूरोक्रेसी के हिसाब से अभी जूनियर लोग है, यहाँ तो राज्य की अफ़सरशाही के मुखिया यानी मुख्यसचिव का दर ही कचरे से अटा पड़ा है। आपको लग सकता है कि जो बेचारे ख़ुद की मक्खी नहीं उड़ा पा रहे, वो आपकी और मेरी क्या मदद करेंगे? मगर मेरे भाई, इसमें भी एक पेंच है!! ये दुर्भाग्य की बाद है कि जो जयपुर शहर सिंधुघाटी सभ्यता के बाद बसा देश का पहला प्लाण्ड सिटी था, वो चाँदी के चंद टुकड़ों के लालच में बर्बाद हो गया फिर कहते है कि "बर्बाद-ए-गुलिस्ता करने को बस एक ही उल्लू काफ़ी है, हर शाख़ पर उल्लू बैठा हो तो हाल-ए-गुलिस्ता क्या होगा! ये शेर मेरे इस शहर की हालात को हुबहुँ बयाँ कर रहा है। लब्बों लुआब बात है कि हमारे इस शहर की बदक़िस्मती रही है कि आज़ादी के बाद से ही इस खूबसूरत शहर को मूरख नुमाइंदे और चोर अफ़सरशाह मिले है। नुमाइंदों के पास विज़न की कमी थी, तो अफ़सरों के पास ईमान की। कई बार काफ़ी उम्मीदों से नये नुमाइंदे जीते भी, मंत्री भी बने और मुख्यमंत्री भी मगर वही ढाक के तीन पात, लोग जीत गये, मेरा शहर हार गया। नतीजन अब तो इस शहर के मायने ही अतिक्रमण, थडी, ठेला, ई-रिक्शा, कचरा, टूटी सड़क, फ़ुटपाथ पर बेतरतीब बिजली टेलीफ़ोन के खोखे और खुले मेनहोल हो गये है। फिर अब इन सब को ठीक करने से इन्हें कुछ ख़ास मिलने से भी रहा, मिलेगा तो तब ना जब ये सब यू ही बरकरार रहे। या इससे भी बदतर हो जाये, तभी तो एलिवेटेड रोडस और ओवरब्रिजेज की फ़िज़ीबिलिटी बनेगी और जब इनकी फ़िज़ीबिलिटी बनेगी तभी तो हज़ारो करोड़ रुपये इनके और इनके आकाओं की जेब में जाएँगे। है ना, कमाल की सोच? इधर आप कह रहे है, शहर की सड़क-नालों की साफ़ सफ़ाई करे, अतिक्रमण हटाये, वेंडिंग ज़ोन बना ठेला-थड़ी हटाये, टूटी सड़के रिपेयर करे। अरे भाई, इन सबको करके इनको हासिल क्या होगा? आपकी राय मान बेचारे ख़ुद की कमाई को कुछ लाख रुपयों तक ही महदूद रखे, यही चाहते है ना, आप, कितनी छोटी सोच है आपकी? आपको पता है, हमारी अफ़सरशाही कितनी मेहनत करके इस मुक़ाम तक पहुँचती है? इतनी पढ़ाई लिखाई के बाद ज़ाहिर है कि उनकी "सोच थोड़ी बड़ी हो"। अच्छे से समझ लीजिए, इस "बड़ी सोच" को अमल में ही तभी लाया जा सकता है जब आपका प्यारा शहर डूब रहा हो, सड़ रहा हो, मर रहा हो!! भले ही आपको अच्छा लगे या बुरा लगे, मगर हमारे यहाँ होगा वही, जो हमारे "भाग्य विधाता" चाहेंगे, इसलिए खुश रहिए, मस्त रहिए और ज़ोर से गाइये !

जय हो, भारत भाग्य विधाता,
जय हो, जय हो, जय हो!!
अंत में जोर से नारा लगाइए,
भारत माता की जय!!

## ग़ज़ल

### दिल की सुनी ना हमने नजूमी की राय ली

*नज़रों के रास्ते हम उतरते चले गए*
*सुध-बुध का था पता ना अपनी खबर थी*
*बस इश्क़े बयांबां था गुज़रते चले गए*
*बरसात के आलम में मेहसूस हुआ यूं*
*जज़्बात के शोले थे भड़कते चले गए*
*तलवार की भाले व गदाओं की कहानी*
*कहने ही लगे के लोग खिसकते चले गए*
*खुशियां हमारे हिस्से की देने के बाद हम*
*दिल के फफोले ले के तड़पते चले गए*
*हम साथ ही चले थे जानिबे मंज़िल मगर*
*रस्ते की खाइयों में उतरते चले गए*

*-फ़ज़लुर्रहमान*

पृष्ठ 1 का शेष

## अपराध मुक्त राजस्थान बनाना...

साइबर फ्रॉड एवं अपराधियों को कठोरता से निपटा जाएगा। गृह राज्यमंत्री शुक्रवार को उदयपुर में डबोक स्थित महाराणा प्रपात हवाई अड्डे पर जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार अपराध मुक्त राजस्थान बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। पेपर लीक गिरोह पर नकेल के लिए स्पेशल टास्क फोर्स गठित की गई है। ऑपरेशन एन्टी वायरस के माध्यम से साइबर अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आधुनिकीकरण के लिए भी कदम उठाए गए हैं। इससे पूर्व बेढम एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के डबोक एयरपोर्ट पहुंचने पर विभिन्न समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा गुर्जर समाज के द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया गया। सांवलिया सेठ और भगवान देवनारायण के किये दर्शन— बेढम ने निवानिया गांव में देवनारायण भगवान के दर्शन किए। विभिन्न समाज के लोगों से चर्चा की। रास्ते में जगह जगह लोगों ने गृह राज्य मंत्री का स्वागत किया। बेढम ने सांवलिया सेठ के दर्शन करके पूजा अर्चना की एवं प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की।

# पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का जताया आभार



चौमूँ। शहर के सुभाष सर्किल स्थित भाजपा कार्यालय पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खादी बाग चौमूँ में कक्षा कक्षों के निर्माण के लिए 47.10 लाख रुपयों की स्वीकृति मिलने पर विद्यालय परिवार द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा साफ़ा एवं माला पहनाकर आभार जताया। साथ ही खादी बाग़ विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए पेयजल हेतु एक नलकूप की स्वीकृति मिली है। गोरतलब है कि हाल ही में विधानसभा क्षेत्र में संचालित 12 विधालयों में कक्षा कक्षों के निर्माण के लिए 4.95 करोड़ रुपयों की स्वीकृति की गई है। इस मोके पर पूर्व पार्षद मोहनलाल यादव, प्रधानाचार्य अशोक कुमार वर्मा, रोहित दादरवाल, राजकुमार, अरुण शर्मा, रतनलाल, रमाकान्त नरेडा, कैलाश सैनी उपस्थित रहे।

# आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया



चौमूं । गोविंदगढ़ कार्यालय से बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा शर्मा व वह उनकी टीम के द्वारा ग्राम पंचायत सान्दरसंर , आलीसर , हस्तेडा , लालपुरा सहित कई आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंच कर निरीक्षण किया । कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी गोविंद गढ़ के अधीन आने वाले आंगन बाड़ी केन्द्रो का निरीक्षण करके जहां भी आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचकर जो भी केंद्र पर खामियां मिली उसकी पूरी करने का दिये निर्देश दिये। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा शर्मा द्वारा किया केन्द्र के रिकार्ड जांच की गई। उड़ान, सैनेट्री, नैपकिन लाभार्थी से सत्यापन किया गया । पोषाहार जांच की गई उड़ान व पोषाहार से संबंधित रिकार्ड की जांच की गई। केन्द्र पर समय पर संचालित करने हेतु निर्देश भी दिए। इस अवसर पर 3 से 6 वर्ष के बच्चों की संख्या बढ़ाने हेतु कार्यकर्ता को पाबंद किया गया है । इस मौके पर पर्यवेक्षक शांता सोनी सहित टीम में आए हुए साथी गण उपस्थित रहे ।

# पुलिस जवान खुशीराम को जान से धोना पड़ा हाथ -ट्रैक्टर ट्राली ने मारी टक्कर



टोंक। (रॉयल पत्रिका) बरकात हसीन। हेड कांस्टेबल खुशीराम को बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली टक्कर के कारण अपनी जान गंवाना पड़ी। इस हादसे में उनकी मौत से जहां पुलिस महकमें में दुख का माहौल है वही खुशीराम के परिवार जनों में मातम छाया हुआ है। याद रहे की अवैध बजरी के खनन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तेद नजर आ रहा है। उसके बावजूद भी रेत से भरे ट्रक ट्रैक्टर ट्रॉली सड़कों पर दौड़ती नजर आती हैं। बजरी माफिया की मनमानी और बेखोफ रवैया के कारण हर किसी को किसी न किसी रूप में डर महसूस होता है। खुशीराम बैरवा को ट्रैक्टर ट्राली ने जैसे ही टक्कर मारी तो खुशीराम बेरवा और जीत राम ने ट्रैक्टर ट्राली का पीछा किया। बताया जाता है कि इसी दौरान खुशीराम ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आ गया और बाद में फिर उसकी मौत हो गई हालांकि मौत के बाद मुख्य रूप से बेरवा समाज के संगठनों ने बाद में घंटाघर पर प्रदर्शन किया और भारी नाराजगी और तेज नारों के बीच खुशीराम बेरवा अमर रहे के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने,खुशीराम बैरवा को एक करोड रुपए मुआवजा देने, उसके निवास क्षेत्र देवली भांची में स्थित स्कूल को खुशीराम बेरवा के नाम से करने की मांग रखी साथ ही उन्होंने जवान को शहीद का दर्जा देने के लिए भी अपनी आवाज उठाई। प्रशासन ने समाज के प्रदर्शन करने वालों से बात चीत की। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने 15 दिन की चेतावनी देते हुए धरना समाप्त कर दिया और वह बाद में देवली भांची पहुंचे जहां उन्होंने खुशीराम के अंतिम संस्कार में भाग लिया। समाज के प्रतिनिधि मंडल में अशोक, धर्मराज, बनवारी, विनोद, राजकुमार, डॉक्टर चंद्रभान आदि मौजूद रहे। पुलिस ने बताया कि मृतक हेड कांस्टेबल खुशीराम टोंक के देवली भाची गांव का है। वह पुलिस की कार डायल नंबर 112 पर चालक जीतराम के साथ गश्त पर था। इस दौरान यह मामला हुआ, उसकी कार को ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी तो बाद में खुशीराम व जीत राम ने ट्रैक्टर ट्राली का पीछा भी किया लेकिन खुशीराम ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आ गया। खुशीराम बैरवा को जयपुर के एसएमएस अस्पताल ले जाया गया लेकिन बचाया नहीं जा सका। जिला कलेक्टर डा.सौम्या झा ने नियम अनुसार कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया है। वहीं जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नेन भी जवान की मौत पर दुख जताते हुए कहा है कि उनके परिवार का एक सदस्य कम हुआ है। उन्होंने कहा कि कानून अपना काम करेगा। प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन और पूरा पुलिस महकमा मुस्तेद रहा। याद रहे कि कई सालों से बजरी खनन को लेकर कई हादसे से होते रहे हैं और लोगों की जान माल का नुकसान होता आया है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के प्रयासों के बावजूद भी बजरी से भारी वाहन हर कहीं दौड़ते नजर आते हैं। बजरी माफिया कहलाने वाले लोगों में ना तो कोई सुधार नजर आता है ना ही उनमें किसी तरह का भय देखा जाता है। पहले भी बजरी से जुड़े मामलों में कई हादसे हो चुके हैं।

# बनास नदी में जानों को बचाया प्रशासन ने, हो सकता था बड़ा हादसा

टोंक।(रॉयल पत्रिका) यहां बनास नदी पर पानी में डूबने से होने वाला बहुत बड़ा हादसा टल गया और प्रशासन की मुस्तैदी से युवाओं की जान भी बच गई वरना कई नौजवानों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ सकता था। यह लोग अपने साथियों के साथ बनास नदी के पुल के नीचे गोठ करने पहुंचे थे। अचानक नदी के नीचे से और आसपास से तेजी से पानी ऊपर आने लगा। यह गोठ करने वाले लड़के पिलर पर खाना बना रहे थे उन्होंने घबराहट में अपने सामान को छोड़ा लेकिन तेजी से पानी आने के कारण इनको जान का खतरा हो गया और यह पानी में फंस गए। प्रशासन ने मुस्तेदी से काम किया और खबर मिलते ही पानी में फंसे लोगों को एसडीआरएफ समेत पुलिस ने उनकी जान बचाई। उनकी मोटर साइकिलें भी पानी में डूब गई थी। प्रशासन ने मुस्तेदी से 15 से 20 लोगों की गोठ कर रही इस टीम को आखिरकार अपने प्रयासों से बचा लिया। बाद में जवानों ने उनकी मोटरसाइकिल को भी जेसीबी की कोशिश से पानी से बाहर निकाला। इस खबर के बाद बनास पुल के आसपास नजारा देखने पहुंच गए। यहां यह उल्लेखनीय होगा कि यदि जवानों और पुलिस की मुस्तेदी से इनको नहीं बचाया जाता तो निश्चित रूप से इनकी जान खतरे में थी। याद रहे कि यहां हर साल बनास नदी में पानी से डूबने से मौतें होने का मामला सामने आता रहा है लेकिन फिर भी पानी में नहाने वाले गोठ मनाने वाले और यहां घूमने आने वाले अनुशासन में नहीं रहते और बेकाबू होकर अपनी जान को खतरे में डाल लेते हैं। इस हादसे की खबर पूरे शहर में काफी तेजी से दिन-रात दौड़ती रही।



और हादसे की जगह काफी लोग

# हाजी लौटे वतन एयरपोर्ट के बाहर जाग कर इतंज़ार करते रहे रिश्तेदार

टोंक (रॉयल पत्रिका)। टोंक से सऊदी अरब में हज करने गए हाजी अपने वतन लौट आए हैं। राजधानी जयपुर एयरपोर्ट से हज के लिए उड़ान भरने वाले हाजी रविवार की मध्य रात्रि के बीच सांगानेर एयरपोर्ट पर पहुंच गए। याद रहे की टोंक से 165 हज यात्रियों ने जयपुर के सांगानेरी एयरपोर्ट से सऊदी अरब में हज करने के लिए उड़ान भरी थी। यह सब हाजी रात सांगानेर एयरपोर्ट पर उतरे। उनका राजस्थान हज कमेटी की तरफ से स्वागत किया गया। हाजियों के लेने हजारों की तादाद में एयरपोर्ट के बाहर उनके परिवारजन संबंधी और रिश्तेदार मौजूद थे। गर्मी और उमस के बावजूद पूरी रात हाजियों का एयरपोर्ट पर इंतजार रहा भारीतादाद में मौजूद हाजियों के परिजनों में खास तौर से बुजुर्ग और छोटे-छोटे बच्चे भी जागते और हाजियों का इंतजार करते नजर आए। एयरपोर्ट और पुलिस प्रशासन का माकूल इंतजाम देखा गया। जैसे ही हाजी एयरपोर्ट परिसर से बाहर आते उनके परिवारजन उनसे गले मिलते और उनको मुबारकबाद पेश करते हाजियों और उनके परिजनों के लिए जीएनआरएफ की तरफ से ठंडे पानी का भी इंतजाम किया गया था। उल्लेखनीय है कि टोंक से गए 165 हाजियों में मालपुरा से 50 और टोंक शहर से जाने वाली 85 हाजी शामिल रहे। इनमें से 86 महिलाएं और 79 पुरुष थे। सबसे ज्यादा उम्र के हाजी के रूप में अहमद सईद कुरैशी थे जिनकी



उम्र 78 साल है जबकि सबसे कम उम्र का बच्चा टोडा राय सिंह का मोहम्मद साद रहा जिसकी उम्र साडे तीन साल है। सबसे ज्यादा उम्र की महिला के रूप जमीला नाम की महिला है जिनकी उम्र 83 साल है। इन हाजियों के वतन वापसी पर हज गाइडेंस समिति के सचिव मोईन निजाम ने सभी हाजियों को तहे दिल से मुबारकबाद दी है। याद रहे कि सचिव मोईन निजाम अपनी सोसाइटी के तरफ से हज पर जाने वाले हाजियों को हज का तरीका बताने के लिए हर साल कैंप का आयोजन करते हैं।

ार्यालय में
ायोजित की गई।
ह बैठक खास तौर से पर्यावरण
विषय को लेकर आयोजित
ी गई थी। जिसकी अध्यक्षता

सांगानेर के विकास के लिए, बना है। जिसके दूरगामी परिणाम आने वाले समय में सांगानेर की जनता को दिखाई देंगे। इसी पैगाम को

सवाईमाधोपुर (शादाब अली)। सवाईमाधोपुर शहर में और सवाईमाधोपुर जिले में बड़ी संख्या में वक्फ संपत्तियाँ है। इन वक्फ संपत्तियों पर भूमाफियाओं और अतिक्रमणियों की नजर बनी रहती है। वक्फस संपत्तियों की सुरक्षा ज्यादातर जिले के राजनीतिक परिवार के परिजनों, रिश्तेदारों या फिर दबंगों को दी जाती है। राजनीति की फील्ड के होने के कारण यह दिखावटी जिम्मेदार लोग वक्फ संपत्तियों को खुदबुर्द करने, कब्जा करने या फिर पैसा कमाने के लिए बेचने से भी गुरेज नहीं करते है। यही कारण है कि सवाईमाधोपुर जिले में वक्फ बोर्ड हजारों बीघा जमीन का मालिक था जो अब सैकड़ों बीघा तक ही सीमित हो गया है। वक्फ की जमीन को खुर्दबुर्द करने में मुस्लिम समाज के राजनीतिक कार्यकर्ताओं, वक्फ कमेटी के सदर, सचिव एवं सदस्यों का बड़ा योगदान है। वक्फस बोर्ड को संपत्ति के कई मुकदमों में हार मिली है जिनमें पैरवी करने वाले वकीलों और प्रतिवादियों और वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों ने माल कमाया और मुस्लिम समाज की आंखों में धूल झोंकी। सवाईमाधोपुर के लोग जयपुर स्थित हैड ऑफिस से सिफारिश करके कमेटी बनवाकर ले आते है लेकिन यहां आकर उनकी नियत वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा न करके खुर्दर्द एवं कब्जा करने की रहती है। ज्यादातर मुस्लिम राजनीतिक कार्यकर्ता वक्फ जमीनों पर राजनीति करने लगे है। वक्फ बोर्ड हैड ऑफिस जयपुर का इन पर कोई कंट्रोल नहीं है। मुस्लिम समाज का नैतिक पतन इतना हो गया है कि वक्फस जमीनों पर भी कब्जा करने से लोग बाज नहीं आ रहें है। वक्फस संपतियों के कब्जा करने के विरोध में समाज के वही लोग अवाज उठाते हैं जो अल्लाह पर भरोसा रखते है या हलाल की रोजी रोटी कमाते है। यह भी सही है कि जिन लोगों ने वक्फस संपत्तियों पर कब्जा किया है या खुर्दबुर्द किया है, वह जिदंगी में काफी परेशान रहते हैं।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान का पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने किया शुभारंभ



चौमूँ( रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ माँ के नाम लगाने का एक अभिनव आह्वान पर ग्राम इटावा भोपजी के कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। साथ ही हाल ही में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटावा भोपजी में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए 8 करोड़ 32 लाख की स्वीकृति पर ग्रामवासियों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया। सम्मान समारोह में सरपंच सुनीता सैनी के नेतृत्व में ग्रामवासियो ने पूर्व विधायक शर्मा का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही मेधावी छात्रा योजना अन्तर्गत बिटिया किरण सबलानिया को स्कूटी भेंट की। पूर्व विधायक शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में ग्राम के विकास कार्यों के लिए पैसो की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने लोगो से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेकर पेड़ो को जीवित रखने का कार्य करे। उन्होंने स्वागत एवं सम्मान के लिए ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। इस मोके सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार सैनी, भंवर सैनी, रामेश्वर बिरानिया, भगवान सहाय यादव, ओमप्रकाश बुनकर, राधेश्याम शर्मा, जोगेन्द्र सिंह नाथावत, महेंद्र सिंह नाथावत, अजय सिंह नाथावत, वार्ड पंच मूलशंकर मेहता, राजीव शर्मा, सुभाष शर्मा, रामअवतार भिंडा, रामवतार जांगिड़, सीताराम मेहता, शंकर सबलानिया, गौरीशंकर गुजर, जीतू टेलर, भरत गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अंजुमन इस्लामिया स्कूल सवाई माधोपुर में बच्चों ने अच्छा रिजल्ट दिया



सवाई माधोपुर। (रॉयल पत्रिका ) शहर मिर्ज़ा मोहल्ला स्थित अंजुमन इस्लामिया स्कूल ने हर साल के मुकाबले इस साल बेहतरीन परिणाम दिया है।अंजुमन सदर फारूक अली ने बताया कि 12th में 100% 10th में गुजिस्ता सालों से बेहतर 80%रिजल्ट रहा।इस रिजल्ट में बच्चों के मां_बाप,अध्यापक और स्वम बच्चों का योगदान रहा है और जिन्होंने कम मेहनत की उन्हें आने वाले समय के लिए ताकीद किया गया। गरीब बच्चों का बेहतरीन सहारा अंजुमन बन रहा है। इसके लिए वहां के कमेटी वालो का भी शुक्रिया अदा किया गया।सवाई माधोपुर में उर्दू और अरबी की तालीम अंजुमन में आसानी से बच्चों को मिल जाती है।शहर में मुस्लिम समाज के हर वर्ग के बच्चों को इसमें तालीम हासिल करनी चाहिए। जिससे की इदारे का और समाज का दोनो का नाम रोशन हो सके।

रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

रॉयल पत्रिका में भुगतान करने के लिए रॉयल पत्रिका के एकाउंट में नगद या चैक या ऑनलाईन जमा करवा सकते हैं ।

Scan Here

एकाउंट नं. 1939002100241695
IFSC code :PUNB0193900
या Q.R. code स्कैन करें ।

## ए एल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र रोग शिविर का हुआ आयोजन

सांगानेर जयपुर (रॉयल पत्रिका) सांगानेर के जाने-माने उद्योगपति मरहूम हाजी अब्दुल लतीफ साहब कागजी की पुण्यतिथि के अवसर पर ए एल पैराडाइज सांगानेर राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने सांगानेर में निशुल्क किया गया। इटर्नल हॉस्पिटल सांगानेर के चिकित्सकों द्वारा सेवाएं दी गई। डॉक्टर जी. ए. खान यूनानी चिकित्सक द्वारा भी मरीजों को देखा गया। डॉक्टर जाकिरा सुल्ताना दंत चिकित्सक द्वारा दांतों का इलाज किया गया।



स्वास्थ्य व नेत्र रोग शिविर का आयोजन ए एल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित किया गया। जिसमें आनंद आई केयर हॉस्पिटल जयपुर के डॉक्टरों द्वारा कंप्यूटर मशीनों से आंखों की जांच कर परामर्श व दवा दी गई। कन्हैया लाल पहलवान दौसा वाले द्वारा हड्डी जोड़ों का देसी इलाज भी चश्मे व दवाएं निशुल्क वितरित की गई। साथ ही साथ बीपी, ई.सी.जी ,सी.बी.सी, शुगर, बी.एम. आई ,एवं आंखों की जांच, चश्मे एवं दवाइयां, बैंत, चरण पादुका निशुल्क वितरित की गई। शिविर के अंत में ए एल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के डायरेक्टर अबुल हसन द्वारा चिकित्सकों का सम्मान किया गया।

# वक्फस सम्पत्ति आर सी सेन्टर को नगर निगम ने सील किया

**-रहमानी समाज के नियंत्रण में है आर.सी. सेन्टर की प्रोपर्टी**

**-कुछ लोगों ने समाज की बिना मर्जी और एकाध कांग्रेस नेताओं के सपोर्ट के चलते आर.सी सेन्टर पर कब्जा जमा रखा है।**

जयपुर। प्राईम लोकेशन की वक्फ सम्पत्ति का न तो समाज को कोई फायदा पहुंच पा रहा है और न ही वक्फ बोर्ड को।

आर.सी. सेन्टर की प्रोपर्टी शास्त्री नगर में कांवटियाँ हॉस्पीटल के पास हैं। इसमें प्रतिवर्ष सैकड़ों शादी एवं अन्य सामाजिक प्रोग्राम होते है जिनसे लाखों रूपये आमदनी यहां मैनेजमेंट संभाल रही कमेटी की होती है।

माना जा रहा है कि इस कमेटी के पास करोडो रूपये है जिनका हिसाब किताब रहमानी समाज को नहीं दिया गया है। रहमानी समाज के लोग इस वक्फ कमेटी का चुनाव करवाने के लिए एक लम्बे समय से दबाव बना रहे है लेकिन आर.सी. सेन्टर वक्फ कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इब्राहीम और सचिव हाजी फसीऊद्दीन चुनाव करवाने एवं हिसाब किताब देने के लिए तैयार नहीं है।

रहमानी समाज के लोगों का कहना है कि आर.सी. सेन्टर की आमदनी इतनी है कि समाज का प्रत्येक गरीब परिवार के बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जा सकती है।

> नगर निगम हेरिटेज की टीम ने 28 जून 2024 को आर.सी. सेन्टर को सील कर दिया है। आर.सी. सेन्टर के आस-पास दुकानदारों और निवासियों की शिकायत पर कि आरसी सेन्टर में होने वाले शादी एवं अन्य प्रोग्रामों के कारण मुख्य सड़क पर व्हीकल खड़े कर दिए जाते है और ट्रैफिक जाम हो जाता है। आरसी सेन्टर के पास अपनी स्वयं की पार्किंग व्यवस्था नहीं है। आर.सी. सेन्टर वक्फ कमेटी के सचिव हाजी फसीऊद्दीन ने बताया कि आर.सी. सेन्टर के अन्दर पार्किंग की व्यवस्था है। आरसी. सेन्टर की सील जल्द ही खुलवा दी जाएगी। हम वक्फ ट्रब्यूनल में मुकदमा करेंगे। फसीऊद्दीन ने यह भी बताया कि आर.सी. सेन्टर को सील करवाने में एक भाजपा विधायक का हाथ है। फिलहाल आर.सी. सेन्टर को नगर निगम हेरिटेज ने सील कर रखा है। आर.सी. सेन्टर के गेट पर ताला लगाकर नोटिस चस्पा कर रखा है। आर.सी है उनको परेशानी हो सकती है। कई प्रोग्राम सेन्टर में शादी एवं अन्य प्रोग्रामों की बुकिंग जो पहले से कि जा चुकी करने वालों ने अपने प्रोग्राम का स्थान बदलने का बैनर आरसी. सेन्टर के गेट पर चिपकाकर मेहमानों को सूचना दी है।




आर.सी. सेन्टर वक्फ कमेटी के चुनाव करवाने को लेकर रहमानी समाज और मौजूदा कमेटी के बीच मुकदमा तक शुरू हुआ था। रहमानी समाज के कई लोगों का कहना है कि आर.सी. सेन्टर का सचिव झूठे मुकदमों की धमकी देकर समाज के लोगों को चूप करा देता है। आर.सी. सेन्टर के सचिव पर और सचिव के द्वारा किए गए मुकदमों की लंबी लिस्ट है। समाज के बुजुर्गों ने इस आर.सी. सेन्टर की जमीन को समाज के हित में और भविष्य में फायदें के लिए वक्फ किया था लेकिन कुछ लोगों के कारण इसका फायदा रहमानी समाज को नहीं मिल पा रहा है और यही आर.सी. सेन्टर समाज में आपसी झगड़े का आधार बनता जा रहा है।आर.सी. सेन्टर वक्फ कमेटी को लेकर वक्फ बोर्ड भी कुछ नहीं कर रहा है।

मौजूदा आर.सी सेन्टर वक्फ कमेटी के ऊपर एक कांग्रेस विधायक का हाथ होने के कारण मौजूदा कमेटी को प्रशासन से फायदा मिलता रहता है।

## जयपुर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ऑफिस में बैठा रहना चाहते हैं

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान अल्पसंख्यक विभाग में अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए ज्यादा काम करने के लिए है नहीं । राजस्थान सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की अल्पसंख्यकों की शिक्षा , रोजगार एवं सामाजिक बदलाव के लिए कुछ करती नहीं है । फिर भी विभाग में पोस्टेड अधिकारी कर्मचारी काम करने से बचते नजर आते हैं । जयपुर जिला अल्पसंख्यक वेलफेयर अधिकारी अभिषेक सिददा जब से आए हैं तब से ही टाइम पास करने की कोशिश कर रहे हैं । किसी जानकारी के लिए इनको फोन किया जाए तो यह फोन भी नहीं उठाते हैं । जयपुर में सैकड़ो मदरसे हैं जिनका संचालन सुचारु रूप से चल रहा है कि नहीं डीएमयू की जिम्मेदारी है । मदरसों में मदरसा पैरा टीचर नियमित रूप से नहीं आते हैं और कई मदरसे कागजों में चल रहे हैं । सूचना यह भी है कि कागजों में चल रहे हैं मदरसों वालों ने जिला अल्पसंख्यक विभाग में सेटिंग कर ली है । इसलिए मदरसों की निरीक्षण करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है । इसी तरह जिले में शुरू हुआ आवासीय विद्यालय में अल्पसंख्यक बच्चों का एडमिशन सुनिश्चित कैसे किया जाए । कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं , अल्पसंख्यक छात्र जो दूसरे जिलों से आकर जयपुर में पढ़ाई कर रहे हैं या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं के लिए विभाग छात्रावास का संचालन करता है जानकारी मिली है कि उसमें भी सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है । जयपुर जिला डीएम डब्ल्यू को वैसे तो आरएएस एलाइड सर्विस से है, लेकिन एक छोटे से ऑफिस का काम संभालने में सक्षम नहीं दिखाई दे रहे हैं ।

## हर साल उर्स में रोशन होती भाईचारे की मिसाल

**-हजरत सैय्यद महबूब उर रहमान नियाज़ी का आठवें उर्स सम्पन्न**

**-तीन दिनों तक दरगाह में जुटे अकीदतमंद**

**इक़बाल ख़ां**

जयपुर । (रॉयल पत्रिका )जयपुर के संसार चंद्र रोड स्थित मीरजी का बाग़ दरगाह में हिन्द-मुस्लिम को जोड़ती परंपरा भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा दे रही है। दरगाह में आयोजित होने वाले सालाना उर्स के दौरान एक ही मोहम्मद अमान ने ख्याल गायन में अमीर खुसरो की रचनाएं सुनाईं। उनके साथ हारमोनियम पर उनके पिता और गुरु मोहम्मद जफर, तबले पर मेहराज हुसैन और वायलिन पर गुलजार हुसैन ने संगत की। कार्यक्रम के अंत में उस्ताद अनवर हुसैन ने



जाजम पर गंगा-जमुनी संस्कृति के रंग बिखरते हैं। प्रदेश में इस अनूठी परंपरा को कलाकार भी बखूबी निभा रहे हैं। दरगाह पर सूफ़ी संत हजरत सैय्यद महबूब उर रहमान नियाज़ी के आठवें तीन दिवसीय उर्स में आध्यात्म से परिपूर्ण भक्ति गायन और वादन के साथ ही ध्रुवपद गायन के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

हजरत अमीर खुसरो की रचना भी पेश की

सैयद महबूब उर रहमान नियाजी जो बहुत ही उम्दा दर्जे के शायर और साहित्यकार थे, जिन्होंने बाद में संत शिक्षा ग्रहण कर मजहब पर आधारित काफी काम किया। जिनकी याद में हर साल हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है। जिसमें नामी-गिरामी कलाकार हिस्सा लेते हैं।

इस साल कार्यक्रम में युवा ध्रुपद गायक रहमान शेख हरफ़न मौला ने सूफ़ियाना भक्ति रचनाएं सुनाईं। पखावज पर ऐश्वर्या आर्य ने साथ दिया। ग़ज़ल गायक जावेद हुसैन ने दरगाह सज्जादा नशीन डॉ.हबीब उर रहमान नियाज़ी की भक्ति रचना को अपने सुरों में पिरोया। युवा शास्त्रीय गायक कर्णप्रिय संतूर वादन से माहौल को संगीतमय बनाया। उनके साथ तबले पर शोएब ने संगत की।

सूफ़ियाना कलामों का सजा गुलदस्ता

दरगाह सज्जादा नशीन डॉ.हबीब उर रहमान नियाज़ी ने बताया कि मुल्क के हालात को देखते हुए उर्स में शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम को शामिल किया गया है। संगीत के जरिए आपसी रिश्तों को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कलाकार और कला का कोई मजहब नहीं होता। पिछले साल की तरह इस साल भी हिन्द-मुस्लिम कलाकारों ने आध्यात्मिक संगीत की प्रस्तुतियां दीं। तीन दिवसीय उर्स के दूसरे दिन सूफ़ियाना कलामों का गुलदस्ता सजाया गया।

जिसमें महफिल-ए-क़व्वाली में रामपुर के अलावा बॉलीवुड फेम साबरी बंधु और अनवार हुसैन नियाज़ी एंड पार्टी अपने-अपने कलाम पेश किए। तीसरे दिन कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन हुआ। तीन दिवसीय उर्स डॉ.हबीब उर रहमान नियाज़ी की सदारत में आयोजित किया गया। इस अवसर पर फ़ैज़ साहब भी मौजूद थे

## उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले चार पुलिसकर्मियों को "कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ" के अवार्ड से सम्मानित

जयपुर । जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने शुक्रवार को पुलिस आयुक्तालय पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट, सराहनीय, मेहनत, लगन एवं समर्पण से कार्य करने वाले चार पुलिसकर्मियों को "कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ" के अवार्ड से सम्मानित किया।

आयुक्त वीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस का ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास-अपराधियों में भय की भावना जनता में साकार हो एवं उन्हें त्वरित न्याय मिल सके, इसके लिए जयपुर पुलिस लगातार प्रयासरत् है। उन्होंने बताया कि कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ पुरस्कार से पुलिसकर्मियों के मनोबल में बढोतरी के साथ-साथ पुलिसकर्मी बेहतर व सराहनीय कार्य करने के प्रेरित होंगे। कानिस्टेवल ऑफ दी मंथ अवार्ड की शुरूवात मार्च माह से की गयी थी। जून माह 2024 का "कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ पुरस्कार जिला पूर्व के शंकर लाल कानि0 7740 पुलिस थाना प्रतापनगर में व्यास कॉलोनी में फायरिंग की घटना कारित करने वाले मुल्जिमों को 48 घंटे में ही गिरफ्तार करने सहित एक देशी कट्टा, दो खाली कारतूस जब्त कराने का सराहनीय कार्य किया। जिला पश्चिम के राज महेन्द्र सिंह कानि0 9220 तकनीकी शाखा, जयपुर पश्चिम ने कई दिनों से गुमशुदा कैलाश चाण्डक व उसके परिवार के सदस्यों की गतिविधियों की जानकारी तकनीकी सहायता से ट्रेस कर कार्यवाही करते हुये गुमशुदा परिवार को मध्यप्रदेश से सकुशल दस्तयाब कराने का विशेष कार्य किया। जिला उत्तर के सोनू कानि0 7840 पुलिस थाना कोतवाली के द्वारा आसूचना संकलन कर रायसर प्लाजा से चार मोबाईल फोन की दुकानों से फोन के लॉक अनलॉक करने व आईएमईआई नम्बर केक करके बदलने वालों के खिलाफ कार्यवाही करवाकर उन्हें गिरफ्तार करवाया एवं इस प्रकार आईएमईआई परिवर्तित या परिवर्तित किये जाने वाले 257 मोबाईल फोन बरामद कराने का विशेष सराहनीय कार्य किया। राकेश कुमार कानि0 5255 यातायात शाखा के द्वारा सिरसी पुलिया के पास भारी बारिश के दौरान स्वयं ही रोडी-पत्थर डालकर खड्डों को भरा जाकर यातायात को सुचारू रूप से चलाया गया व सड़क हादसे घटित नहीं होने देने का सराहनीय कार्य किया।



## राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन की कार्यकारिणी की आम बैठक हुई आयोजित

सांगानेर जयपुर। (रॉयल पत्रिका) राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन नई दिल्ली की शाखा सांगानेर विधानसभा कार्यकारिणी की बैठक लक्ष्मी कॉलोनी स्टेडियम के पास सांगानेर कार्यालय में आयोजित की गई।




यह बैठक खास तौर से पर्यावरण के विषय को लेकर आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता सांगानेर विधानसभा अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने की। दिनेश शर्मा ने बताया की हमारे संगठन का मुख्य उद्देश्य मानव व मानवता के लिए संघर्षरत रहते हुए सांगानेर व देश वासियों के विकास में अपना योगदान देना तथा देश की एकता अखंडता को मजबूत बनाए रखना है। यह संगठन एक दूसरे की सहायता के लिए ,एक दूसरे में मोहब्बत फैलाने के लिए, एक दूसरे की परेशानियों को दूर करने के लिए, सांगानेर के विकास के लिए, बना है। जिसके दूरगामी परिणाम आने वाले समय में सांगानेर की जनता को दिखाई देंगे। इसी पैगाम को लेकर शांति सेना का गठन किया गया है। जो सांगानेर के हितों के लिए, भाईचारा मजबूत करने के लिए ,हमेशा अहम भूमिका निभाने में मदद करेगी। बैठक में मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार के विषय पर चर्चा की गई। जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारीयों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। पर्यावरण को लेकर संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र पाराशर ने विस्तार से प्रकाश डाला। संगठन के विस्तार को लेकर किस तरह आगे बढ़ा जाए एवं संगठन को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट मुकेश वर्मा ने विस्तार से जानकारी दी। इस बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट मुकेश वर्मा, सांगानेर विधानसभा अध्यक्ष दिनेश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आचार्य महेंद्र पाराशर, उपाध्यक्ष अफ़ज़ल इस्लाम उर्फ राजा भाई, अब्दुल मजीद भाई, नुजहत परवीन, सचिन मन्नू भाई, राजू बेरवा, कांत गुप्ता, अंजू कंवर ,केशव शर्मा, मीडिया प्रभारी सादिक हिंदुस्तानी आदि उपस्थित रहे।

## वेलफेयर पार्टी आफ इंडिया किशनपोल विधानसभा क्षेत्र की बैठक आयोजित



जयपुर।(रॉयल पत्रिका ) वेलफेयर पार्टी आफ इंडिया किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओ की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष वक़ार अहमद ने की । वक़ार अहमद ख़ान प्रदेशाध्यक्ष वेलफेयर पार्टी आफ इंडिया राजस्थान ने अपने अध्यक्षता में भाषण देते हुए कहा कि हमारे देश में आज जो स्थिति बनी है कि अत्याचार और अन्याय का बोलबाला है, लोग ग़रीबी, मंहगाई और बेरोज़गारी से त्रस्त हैं, परेशान हैं कि कहा जायें कि कोई उनकी आवाज़ को उठाये और उनकी समस्याओं का निवारण करे। दूसरी पार्टियां बस वोट लेकर ग़ायब हो जाती हैं और पब्लिक को सिर्फ वोट बैंक समझ रखा है। ऐसे में पूरे देश में सिर्फ और सिर्फ एक ही पार्टी है जो मूल्यों पर आधारित राजनीति करती है। देश के हर नागरिक का सम्पूर्ण विकास चाहती है, आइये हम सब मिलकर इस देश को एक कल्याणकारी राज्य बनायें। आफिस में आये 20 नोजवानों ने वहीं फैसला किया कि हम वेलफेयर पार्टी के साथ हैं और पार्टी का फार्म भर कर पार्टी को मेम्बरशिप हासिल की।

## पूर्व शौहर के साथ आए बदमाशों ने आकिब को पीटा, हाथ-पैर तोड़े

**-10 दिन से भी अधिक समय गुजरने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**



जयपुर। ( रॉयल पत्रिका) गलता - गेट थाने में शौहर से लिखित में तलाक होने के बाद भी पूर्व शौहर आधा दर्जन लोगों के साथ आया और विवाहिता के भाई के हाथ-पैर तोड़ नाले में फेंक दिया। • पुलिस ने 20 जून को मुकदमा दर्ज कर लिया, • लेकिन 15 दिन से अधिक समय गुजरने के बाद भी आरोपी पुलिस - गिरफ्त से दूर हैं। पीड़िता हीना बानो (31) पुत्री रहीमन इकबाल निवासी सोफिया स्कूल के पास ने रिपोर्ट दी कि 19 जून की रात साढ़े ग्यारह - बजे मेरा पूर्व पति फरीद अपने बदमाश मित्र शेख मोहसिन, आसिफ, शाहरूख नागौरी, बिच्छू, गुड्, गब्बर, फरदीन और साया के साथ टेम्पो, काले रंग की कार और बाइक से आए और मुझसे मारपीट करने लगे। मेरी आवाज सुनकर मेरा भाई आकिब ने मुझे बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने मेरे भाई के हाथ-पैर तोड़ दिए। वे आकिब को मारपीट करते हुए गाड़ी में डालकर ले गए और बीयर की बोतल से अनेक वार कर नाले में फेंक कर चले गए। भाई आकिब के फोन से जब मुझे सूचना मिली तो नाले पर पहुंची तो उसकी हालत बेहद खराब थी, हमने उसे सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया। आश्चर्य की बात है कि आकिब के पैरों में फेकचर है शरीर में गंभीर गहरे घाव है। दवाई और इलाज पर खर्चा हो रहा है। परिवार गरीब है आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हैं। आकिब की बहन के खाने पीने का इंतजाम आस पडौस वाले करते हैं। आकिब की बहन डीसीपी से आरोपियों की कार्यवाही के लिए एक बार मिलली लेकिन गलतागेट थाना पुलिस अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जबकि आरोपी खुले में घूम रहे है।

## मदरसा जामिया तैयबा में लगा आंखों का फ्री कैंप

जयपुर। बंधा बस्ती व्यास कॉलोनी स्थित मदरसा जामिया तय्यबा मेमोरियल स्कूल में सेवा राजस्थान और डॉक्टर आबिद केयर हॉस्पिटल द्वारा 5 जुलाई को आई कैंप लगाया गया जिसमें लगभग



120 श्रमिक कारगर पुरुष एवं महिलाओं को लाभान्वित किया गया साथ ही इस कैंप में फ्री दवाई वितरण की गई तथा चश्मा आदि उचित कीमत में दिया गया जिसमें सेवा राजस्थान से अन्नू कंवर, बतूल बहन, मीना बहन और कार्यकर्ता मेहरून निशा बहन अफसाना बहन उपस्थित रहे। आबिद केयर हॉस्पिटल से डॉक्टर मोहम्मद शाहजेन, अख्तर भाई, फरमान भाई, अलीम भाई और निसार भाई ने अपनी साझेदारी निभाई। स्कूल से कारी मोहम्मद इशाक जो के स्कूल के डायरेक्टर हैं उन्होंने इस कैंप में अपना पूरा-पूरा सहयोग दिया एवं कैंप को सफल बनाया।

## 0 - 5 वर्ष के नौनिहालों ने गटकी पोलियो की खुराक

जयपुर। 30 जून से पोलियो दिवस के आयोजन पर अर्बन PHC वन विहार, ईदगाह जयपुर के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. जव्वाद अली बेग ने बताया की पोलियो दिवस के उपलक्ष में वार्ड एवं क्षेत्र के सभी 0 - 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो दवा की 2 बूंद पिलाकर टीकाकृत किया जाएगा। जिससे बच्चों को इस घातक रोग से बचाया जा सके ! डॉ. जव्वाद ने बताया कि बच्चों के परिजनों के प्रोत्साहन के लिए सोशल मोबिलिज़ेर्स एवं चिकित्सकीय स्टाफ द्वारा लगातार संपर्क कर बूथ पर बच्चों को लाकर पोलियो की दवा पिलाने का सन्देश दिया जा रहा है, साथ ही राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गयी प्रचार प्रसार सामग्री का भी विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन किया गया है जिससे आमजन में पोलियो अभियान के प्रति जागरूकता बढे !



## हत्या के आरोप में राजू नाई हुआ बरी

**-आरोपी की ओर से अधिवक्ता मुराद अली शेख ने की पैरवी**

जयपुर( रॉयल पत्रिका) । पुलिस थाना मानसरोवर में 25 जुलाई 2014 को परिवादी मुकेश की ओर से अपने पुत्र पुनीत की हत्या के प्रयास का मुकदमा राजेंद्र सेन उर्फ राजू नाई पुत्र शंकर लाल निवासी ग्राम डालनिया तहसील फागी के विरुद्ध दर्ज कराए जाने के बाद अमर जैन अस्पताल में इलाज के दौरान पीड़ित पुनीत की मृत्यु हो जाने के बाद पुलिस ने धारा 302 भारतीय दंड संहिता के तहत राजेंद्र सेन को बाद जांच गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिस पर विचारण न्यायालय विशिष्ट न्यायालय एससी एस टी कोर्ट जयपुर के समक्ष घटना के चसमदीद गवाह संजू साहू और राहुल नागर के पक्षद्रोही घोषित हो जाने के आधार पर न्यायालय ने साक्षों के अभाव में अभियुक्त राजेंद्र सेन उर्फ राजू नाई को 29 जून 2024 को बरी कर दिया। अभियुक्त राजेंद्र सेन उर्फ राजू नाई की ओर से फौजदारी केसो के जाने-माने सीनियर अधिवक्ता मुराद अली शेख (निमेडा)ने पैरवी की। राजू नाई पर हत्या का मुकदमा करीब 10 वर्ष से न्यायालय में विचाराधोन था। राजू नाई अब जैल से छूटकर आपनी सामान्य ज़िंदगी जी सकेगा।

रॉयल पत्रिका

जयपुर से प्रकाशित होने वाले "रॉयल पत्रिका" को अपने दैनिक समाचार पत्र व "रॉयल पत्रिका" डिजिटल के लिए रिपोर्टर, स्क्रिप राईटर, डी टी पी ऑपरेटर और हॉकर्स (अखबार बांटने वाले) की आवश्यकता है । वेतन योग्यतानुसार ।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें -
संपादक, रॉयल पत्रिका,
मस्जिद शेखान के सामने, घोड़ा निकास रोड,
रामगंज बाज़ार, जयपुर 302002
मोबाइल: 8058969180/9799559096

रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

# वर्षात की शुरुआत में ही सड़कें, नाले, पुल टूटें

प्रदेश और देश में वर्षात का मौसम शुरू होने के बाद सड़कें, पुल, नाले एवं सरकारी इमारतों के टूटने की सूचनाएँ आने लगी हैं। सड़कें टूटने और खड्डे होने के कारण हाइवे पर ट्रैफिक जाम होने लगा है। जरूरी और फल सब्जी ढोने वाले ट्रक जाम में फंस रहें हैं। ट्रकों में रखी सब्जियाँ और अन्य खाताय पदार्थ खराब हो रहें हैं। जयपुर में जेडीए की ओर से सुगम यातायात के लिए बनाए गए अन्डरपासों में पानी भरने लगा है जिसके कारण वाहन चालक परेशान हो रहें हैं। नगर निगम की ओर से शास्त्री नगर में बनाए गए नाले की दिवार टूटी पड़ी है जिसके कारण आसपास के मकानों को खतरा पैदा हो गया है। बिहार में वर्षात के मौसम में अब तक एक दर्जन से ज्यादा पुल टूटकर गिर गए है। दिल्ली एयरपोर्ट पर एक नयी बनायी गई बिल्डिंग गिर गयी। उत्तर पदेश में एक नये स्कूल की बिल्डिंग की छत गिर गयी। इसके अलावा कई और ऐसी घटनाएँ है जो वर्षात की शुरूआत में घटित हुई है। इन सभी घटनाओं में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सरकारी अधिकारियों और ठेकेदारों ने मिलकर घोटाले करके जनता की जान-माल से समझोता किया है। भ्रष्टाचार देश में दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी दावा करते हैं कि भ्रष्टाचारियों को बक्शा नहीं जाएगा। लेकिन विपक्षी नेताओं के अलावा जेलों में कोई और दिखाई नहीं देता है। राजस्थान में भाजपा सरकार है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी कहते हैं कि प्रदेश में भ्रष्टाचारियो को बख्शा नहीं जाएगा लेकिन भ्रष्टाचार जमकर हो रहा है। जयपुर नगर निगम हेरिटेज और ग्रेटर के निर्माण कार्यों जैसे सड़के, नाले और सामुदायिक भवनों की जाँच की जाए तो सारा भ्रष्टाचार सामने आ जाएगा। जयपुर के दोनों निगमों के कर्मचारी एवं अधिकारी भ्रष्टाचार के मामलों में पूरे देश में टॉप लेवल पर अपना स्थान बनाए हुए है। नगर निगम के अधिकारियों और जेडीए के अधिकारियों के कारण ही जयपुर शहर में सड़कों, गलियों और सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण दिखाई देता है। इन अधिकारियों को बिना पैसे दिए कोई जयपुर में एक ईंट भी मकान बनाने में नहीं रख सकता है जबकि मोटी रकम देकर अवैध मकान, दुकान, मॉल और शोरूम बनाए जा रहें हैं। प्रदेश का पी डबल्यू डी विभाग सड़कें और बिल्डिंग बनाता है जिनकी पोल वर्षात में खुल जाती है। वैसे तो सरकार पुलिस विभाग में अलग से एक एसीबी (एन्टी करप्शन ब्यूरों) का गठन किया है जो सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों एवं आम लोगो को भ्रष्टाचार करने से रोकता है और भ्रष्टाचार करने पर कार्यवाही करता है। एसीबी भ्रष्टाचार रोकने के लिए आए दिन कार्यवाहीं करता है लेकिन भ्रष्टाचार में कोई कमी नहीं दिखाई दे रही है। सरकार किसी भी पार्टी की बने भ्रष्टाचार रोकने के लिए सिर्फ बाते करती है। यदि सरकार भ्रष्टाचार रोकने के लिए भ्रष्टाचारियों पर यदि कड़ी कार्यवाही करें तो सड़के, नाले, पुल एवं सरकारी बिल्डिगें वर्षात में नहीं गिरे और जानमाल की हानि नहीं हो। सरकारी महकमों में भ्रष्टाचार हर स्तर पर होने लगा है। आम जनता काफी परेशान है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

# विपक्ष ख़ुद को नाम के विपक्ष तक सीमित न रखे, आगे की लड़ाई के लिए ज़मीन पर उतरे

अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र ने दो बातें पूरी तरह साफ कर दी हैं। पहली यह कि विपक्ष का वह आत्मविश्वास उसके पास लौट आया है। 2014 के लोकसभा में उसने जिसे गंवाया तो 2019 में भी वापस नहीं पा सका था। फिर तो नरेंद्र मोदी सरकार (तब उसे भाजपा सरकार अपवादस्वरूप ही कहा जाता था) ने अपने आक्रामक बहुसंख्यकवाद की बिना पर स्वतंत्रता, समता, न्याय, बंधुत्व व धर्मनिरपेक्षता जैसे संवैधानिक मूल्यों को बेरोकटोक आक्रांत कर न सिर्फ राजनीतिक विमर्श की दिशा बदल डाली थी, बल्कि विपक्ष के मन में इतने चोर पैठा दिए थे कि वह उसे इन मूल्यों के आधार पर चुनौती देने की संभावना से नजर तक नहीं मिला पाता था। दूसरे शब्दों में कहें तो 'महाबली' भाजपा के समक्ष 'पस्तहिम्मत' वह यह तक नहीं सोच पा रहा था कि उसके आगे उसकी जीत भी छिपी हो सकती है।




**तो बात कुछ और होती!**

क्या आश्चर्य कि तब कई विश्लेषक कहने लगे थे कि यह आत्मविश्वासहीनता उसकी, उसके बिखराव से भी बड़ी समस्या बन गई है। पिछले दिनों जिन योगेंद्र यादव ने लोकसभा चुनाव के नतीजों की सबसे सटीक भविष्यवाणी की थी, वे अभी भी कहते हैं कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' इस स्थिति से बाहर निकलकर समुचित समन्वय के साथ और न्यूनतम साझा कार्यक्रम बनाकर चुनाव लड़ता तो पचासेक और सीटें जीतकर सत्ता-परिवर्तन संभव कर देता। तब नरेंद्र मोदी सरकार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार के रूप में भी अपना अस्तित्व नहीं ही बचा पाती। लेकिन जो हुआ, सो हुआ, अब उसे बदला नहीं जा सकता। अलबत्ता, राहत महसूस की जा सकती है- की भी जा रही है- कि मतदाताओं ने जहां नरेंद्र मोदी व भाजपा दोनों की अजेयता के जतन से गढ़े गए मिथक के साथ उनके तद्जनित अहंकार को धूल चटा दी है, वहीं विपक्ष को उनसे दो-दो हाथ करने के हौसले से संपन्न कर दिया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि जो विपक्ष कभी संवैधानिक मूल्यों की बिना पर उन्हें ठीक से ललकार तक नहीं पाता था, उसके 'जय संविधान' के नारे ने लोकसभा में नए सांसदों के शपथ-ग्रहण के वक्त ही उनसे उनके 'जनादेश' की चमक छीन ली। अनंतर, लोकसभाध्यक्ष के चुनाव, राष्ट्रपति के अभिभाषण, उसके लिए धन्यवाद के प्रस्ताव पर चर्चा और प्रधानमंत्री के जवाब के वक्त भी उन्हें सांसत में डाले रखा-लोकसभा ही नहीं, राज्यसभा में भी। इसकी परिणति इस रूप में भी दिखी कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में अपने पहले भाषण में सरकार को उठक-बैठक तो कराई ही, यह दावा भी कर डाला कि 'इंडिया' भाजपा को, और तो और, उसके गढ़ गुजरात के आगामी विधानसभा चुनाव में भी हरा देगा। उन्होंने इस दावे में जानबूझकर 'कांग्रेस' के बजाय 'इंडिया' कहा, जिससे पता चलता है कि विपक्ष के नेता के रूप में 'इंडिया' में एकता व सौमनस्य को लेकर वे कितने सतर्क हैं- प्रधानमंत्री द्वारा उसे लेकर कांग्रेस को परजीवी करार देने के बावजूद।

**रस्सी जल गई मगर...!**

जो दूसरी बात साफ हुई है, देश के लिहाज से वह किसी बुरी खबर से कम नहीं है क्योंकि 'नई' सरकार ने सत्र में एक पल को भी किसी नई रीति-नीति का संकेत नहीं दिया। अकारण नहीं कि कई विश्लेषकों ने प्रधानमंत्री के संदर्भ में इसे रस्सी जल जाने के बावजूद बल न जाने के रूप में देखा। हद तो तब हो गई जब अभिभाषण पर चर्चा के उनके लोकसभा व राज्यसभा में दिए गए जवाबों को सुनते वक्त विश्लेषकों के लिए यह तय करना मुश्किल हो गया कि प्रधानमंत्री बैसाखियों पर ज्यादा निर्भर हैं या असत्यों, अर्धसत्यों और अनर्थों पर! लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए गए मुद्दों को हिकारत से 'बाल-बुद्धि का प्रलाप' करार देकर उन्होंने एक बार फिर 'सिद्ध' कर दिया कि अपने तीसरे कार्यकाल में भी प्रधानमंत्री की तरह पेश आना उनसे कतई नहीं हो पाएगा। राहुल ने कभी उनके ऐसे ही रवैये के संदर्भ में मिर्जा गालिब के शब्द उधार लेकर पूछा था- ये जो हर बात पे कहते हो तुम कि तू क्या है, तुम्हीं बताओ ये अंदाज़-ए-गुफ्तगू क्या है! सवाल है कि ऐसे में विपक्ष आगे की राह कैसे तय करेगा? और क्या महज बढ़ा हुआ आत्मविश्वास उसको मंजिल तक पहुंचा देगा? फिलहाल इसका 'हां' में जवाब मुश्किल है क्योंकि स्थितियां आगे और लड़ाई के संकेत दे रही हैं। ऐसी लड़ाई के, जो भले ही बहुत लंबी न हो, कु-चक्रव्यूहों में अभिमन्यु जैसी फंसंत के अंदेशों से भरी पड़ी है। तिस पर इन व्यूहों में विपक्ष के पास इतनी भी सहूलियत नहीं है कि उसका प्रतिद्वंद्वी चौबीस घंटों में ज्यादा नहीं तो कुछ पल को ही चुनाव मोड में न रहे और 'हर हाल में' जीत की ख्वाहिश से मुक्त होकर मूकाबले में लेवल प्लेइंग फील्ड और शुचिता की भी थोड़ी-बहुत चिंता करे। जाहिर है कि विपक्ष का इस भरोसे बैठे रहना भी गलत होगा कि भाजपा की घटी हुई शक्ति के कारण वह इस सरकार को संसद में लगातार घेरे रखकर जल्दी ही इतनी कमजोर कर देगा कि वह अपनी बैसाखियों का बोझ उठाती-उठाती ही ढह जाए। या कोई ऐसा 'ब्लंडर' कर डाले, जिससे ऐसा जनरोष भड़क जाए कि उसके लिए उससे पार पाना संभव न रह जाए। बीता हुआ दशक गवाह है कि विपक्ष, खासकर कांग्रेस, द्वारा 2014 से ही किया जा रहा ऐसे ब्लंडर का इंतजार अभी तक खत्म नहीं हो पाया है। विपक्ष के लिए इसका सबक यही है कि उसकी संभावनाएं ऐसे इंतजार में समय गंवाने से नहीं, माहौल को बदलने में हासिल हुई सफलता को जमीनी हकीकत का बदलाव बनाने में लगने से उज्ज्वल होंगी। चौबीसों घंटे चुनावी मोड में रहने वाले प्रतिद्वंद्वी से पार पाना है तो वह इस सोच से काम नहीं चला सकता कि 'फिर चुनाव आएगा तो देखेंगे'। जो स्थितियां हैं, उनमें क्या पता कि कब मध्यावधि चुनाव का सामने आ खड़ा हो और अपेक्षित तैयारियां न हों तो हाथों के तोते उड़ जाएं!

**चुनाव क्षेत्रों में जाएं**

फिर? बेहतर होगा कि विपक्ष अपने सारे सांसदों को निर्दिष्ट करे वे बिना देर किए अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों में जाएं और मतदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित कर उनकी चिंताओं व समस्याओं से जुड़ें। न सिर्फ उन मतदाताओं की समस्याओं व चिंताओं से, जिन्होंने उन्हें वोट दिए, बल्कि उनकी समस्याओं व चिंताओं से भी जिन्होंने किसी कारण वोट नहीं किया। वे समाजवादी पार्टी की कैराना की सांसद इकरा हसन से सबक ले सकते हैं, जिन्होंने कहा है कि मतदाताओं का समर्थकों व विरोधियों में विभाजन मतदान के दिन तक के लिए ही था और अब वे उन मतदाताओं की भी सांसद हैं, जिन्होंने चुनाव में उन्हें मत नहीं दिए। यकीनन, इससे इन सांसदों और उनकी पार्टी दोनों की स्वीकार्यता बढ़ेगी, संभावनाएं उज्ज्वल होंगी व बनी रहेंगी। इसी तरह जिन चुनाव क्षेत्रों में विपक्ष को विजय नहीं मिली है, वहां के पराजित उम्मीदवारों को भी मतदाताओं के बीच बने रहने और पराजय के कारण तलाशकर उन्हें दूर करने के लिए कहा जाना चाहिए। साफ कहें तो इसकी सबसे ज्यादा जरूरत बिहार में है, जहां विपक्ष के लिए उर्वर व अनुकूल भूमि होने के बावजूद उसे ज्यादा सफलता नहीं मिली। सीटों के बंटवारे में अपनी जिद पर अड़े रहकर 'इंडिया' को टूट के कगार तक पहुंचा देने वाला राष्ट्रीय जनता दल भी कोई करिश्मा नहीं कर पाया। विपक्ष को उन राज्यों पर तो फोकस करना ही चाहिए जहां अगले कुछ महीनों में या अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, उन राज्यों की भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए जहां अभी चुनाव की आहट नहीं है।

**संविधान को ख़तरे की सच्चाई**

उसे यह सिद्ध करने की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए कि उसने चुनाव में नरेंद्र मोदी के 'चार सौ पार' के नारे को लोकतंत्र व संविधान के लिए खतरा बताकर भ्रम या झूठ नहीं फैलाया, जैसा कि अब भाजपा जता रही है और प्रधानमंत्री कह रहे हैं। इसके उलट सच्चाई से आगाह किया था और सच्चाई यह है कि संविधान व लोकतंत्र के समक्ष उपस्थित खतरे सिर्फ इसलिए टले दिख रहे हैं कि भाजपा अपने दम पर बहुमत से दूर रह गई है। कई भाई आजकल भाजपा के रुख में जो 'नरमी' देख रहे हैं, वह वैसी ही है, जैसी अटल बिहारी वाजपेयी के वक्त उसके द्वारा राजग के बैनर पर सत्ता-सेवन के लिए तीन विवादास्पद मुद्दों को ठंडे बस्ते में डाले जाते वक्त दिखी थी। कौन कह सकता है कि जैसे ही मोदी 'महानायक' बने और भाजपा को बहुमत मिला, उसने उन मुद्दों को बाहर निकालने और भुनाने में कुछ भी उठा रखा? अभी भी, राम मंदिर के मुद्दे के बहुत काम न आने और अयोध्या तक की लोकसभा सीट हार जाने के बावजूद वह 'वो बात जिसका फसाने में कहीं जिक्र न था, वो बात उनको बहुत नागवार गुजरी है' की राह पर ही चल रही है। अन्यथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उसके जैसे 'खुद को हिंदू कहने वालों' की नफरत फैलाने वाली करतूतों पर जो प्रहार किए, उन्हें सारे हिंदुओं पर प्रहार का रूप क्यों देखती? और उसकी रोशनी में कई विश्लेषक क्यों इसकी जरूरत जताते कि राहुल को सोच-समझकर अपने शब्द चुनने चाहिए और भाजपा को कोई मौका नहीं देना चाहिए.हां, विपक्ष को खुद को कहने का विपक्ष नहीं, नीतिगत यानी वास्तविक विपक्ष बनाना और अपने समर्थक समूहों, खासकर दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों के बीच के अंतर्विरोधों को भी यथासंभव अतिशीघ्र हल करने की चिंता भी करनी चाहिए। क्योंकि भाजपा को पता है कि उनके पुनरुत्थान का रास्ता इन तबकों की एकता खंडित करने के उसके प्रयासों की सफलता पर ही निर्भर करता है और वह इसके लिए कुछ भी उठा नहीं रखने वाली। (सांभार)

# हिम्मत, हौसला, सब्र व इत्तिहाद से काम लें

## -दुश्मन अपने मकसद में कामयाब नहीं होंगे

हालात कितने ही नासाजगार हो, राहे कितनी ही कठिन हो। बातिल व कुफ्र-शिर्क की ताकतें कितनी ही ताकतवर हों। इन सबकी निगरानी एक सुप्रीम ताकत अल्लाह कर रहा है। इन सब ज़ालिम, फासिस्ट व अंधेरों की राहबर ताकतें अल्लाह के नियंत्रण व नरगे में है। अंधेरों को यानि शिर्क को खत्म होना है और उजाले को यानि हक को इस्लाम को गालिब आना है। क्योंकि हक का, इस्लाम का हामी व मददगार अल्लाह है और अंधेरों और जुल्म का हामी शैतान है जो कि कमज़ोर है। बस जरूरत है हौसले, हिम्मत और हिकमत से काम लेने की। इतिहास में सैकड़ों वाकयात है, जब मुसलमानों पर जुल्म-सितम के पहाड़ तोड़े गए। उनका कत्लेआम किया गया लेकिन फिर ये उम्मत खून में लथपथ होकर उठ खड़ी हुई। उम्मत ने कुरान से रहनुमाई हासिल की। प्रेरणा ली और अल्लाह ने इसकी मदद भी की। कमजोर ईमान वाले मफाद परस्त व हौसले से काम लेने वाले, पक्के ईमान वाले मुसलमानों के कदम नहीं डगमगाए। उनके इरादे कमजोर नहीं पड़े। उनके हौसले पस्त नहीं हुए। पैगम्बरों का उस्वा (तरीका) भी यही रहा। वो नाजुक से नाजुक हालात में भी हिम्मत नहीं हारते। देखिए हज़रत मूसा अलै. अपनी कौम बनी इसराईल को लेकर दरयाऐ नील की तरफ बढ़ रहे हैं। पीछे से फिरऔन की फौज आ गई। कौम पर दहशत छा गई और कहने लगी 'अब हम बच नहीं सकते, अब तो हम पकड़े गए। सामने नील है और पीछे फिरऔन का लश्कर है। इस नाजुक सूरतेहाल में मूसा अलै. ने फरमाया- हरगिज़ नहीं। मेरा रब मेरे साथ है। वो मुझे रास्ता दिखाएगा। और फिर सबने देखा कि नील ने रास्ता दिया और मूसा कौम को लेकर निकल गए। ये है काइदे कौम का पुख्ता ईमान, पुख्ता अल्लाह पर भरोसा। एक हम है बड़े जालिम, बड़े बातिल से घबराकर, एक मुशरिक से डर कर छोटे जालिमों, छोटे मुशरिकों से भरोसा बांधते हैं। उनकी पनाह तलब करते हैं। सुप्रीम ताकत अल्लाह का सहारा की उम्मीद छोड़कर दुनिया की कमजोर व खुदगर्ज का किस्सा बताता है। ये हकीकत बयान करता है कि अल्लाह के रास्ते में जो लोग निकलते हैं, जो लोग संघर्ष करते हैं, जो लोग रिस्क लेते हैं, उनके लिए अल्लाह रास्ता निकालता है। आज एक हम हैं सिर्फ तकरीरों, चर्चाओं व मीटिंगों से ही काम चला रहे हैं। दुनियावी जिन्दगी को भी पुर रौनक बनाने में लगे हुए हैं। गफलत में पड़े हुए कहीं न कहीं, किसी न किसी तरह जिन्दगी के चन्द लम्हात की आराइश के लिए बातिल से साजबाज किए हुए हैं। हालात से निपटने के लिए कुरानी रास्ता छोड़कर इधर-उधर की गलियों में घुस रहे हैं। कुछ लोग हैं कि अल्लाह पर गैर जरूरी भरोसा किए हुए हालात को साजगार बनाने की सारी जिम्मेदारी अल्लाह पर डाले हुए हैं और खुद दुनिया कमाने में पूरी एनर्जी लगाए हुए हैं। हक और मिसाल लीजिए। अल्लाह के रसूल सल्ल. हिजरत के मौके पर गारे सौर में छिपे हैं। दुश्मन आप सल्ल. की तलाश में गार (गुफा) के पास पहुंच गए। अबू बक्र रजि. को चिन्ता हुई। रसूल. सल्ल. ने फरमाया- गम न करो। अल्लाह हमारे साथ है। दुश्मन अपने मकसद में कामयाब नहीं होंगे और दुनिया ने देखा कि वो कामयाब नहीं हुए। पैगम्बर मुहम्मद सल्ल. से मुहब्बत का दावा करने वाले मुसलमानों। रसूल सल्ल. की इताअत के रोजाना नमाज में दावा करने वाले मुसलमानों। नबी का जैसा अज़्म व हौसला रखना क्या सुन्नते रसूल नहीं है? अगर आप अल्लाह के दीन पर कायम है और सरगरम हैं। और अपना जान व माल अल्लाह की राह में कुरबान करने को तैयार हैं तो यकीन जानिए। अल्लाह की मदद आपको ज़रूर हासिल होगी।

# मौत और मय्यत का आखिरी सफर

जिस तरह ज़िन्दगी में मोमिन का अदब व एहतराम ज़रूरी हैं उसी तरह उसके इंतेक़ाल के बाद भी ज़रूरी हैं। इसलिए अल्लाह के रसूल ने बड़े ही अदब व एहतराम के साथ मुर्दो को दफनाने का हुक्म दिया हैं और कब्रों के ऊपर चलने से मना फरमाया हैं। जनाज़ा देखने उसे उठाने और लेकर चलने से आदमी को अपनी भी मौत की याद आती हैं कुछ देर के लिए वह सोचता हैं की एक दिन हमारा भी यही हाल होने वाला हैं, मुझे भी अपने रब के दरबार में पेश होना पड़ेगा अपने किये का हिसाब व जवाब देना पड़ेगा। मौत की याद से इंसान अगर गम्भीरता से सोचे तो उसकी काया पलट सकती हैं। इसीलिए तो पैगंबर हजरत मुहम्मद ने फरमाया कब्रों की जियारत किया करो इससे तुम्हे अपनी मौत की याद आएगी, मौत की याद से इंसान अपने गुनाहो से तौबा कर सकता हैं और फिर उसकी ज़िन्दगी एक नए रास्ते पर चलने लगेगी जो आखिरत में उसकी काफी मदद करेगी।

जनाज़े को कन्धा देना इबादत हैं इस में कोताही नहीं करनी चाहिए हमारे नबी ने हजरत साद बिन रजी. का जनाज़ा उठाया, सुन्नत यह है की 4 आदमी मिलकर जनाज़ा उठाये एक एक पाया एक एक कंधे पर रहे।

यह भी सुन्नत हैं की पहले दाहिने सिरहाने,फिर दाहिने पैर की तरफ,फिर बाएं सिरहाने और फिर बाएं पैर की तरफ कन्धा दे छोटा बच्चा जो उठाये जाने के काबिल हो उसे हाथ पर उठा कर भी ले जा सकते हैं।

जनाज़ा इस रफ़्तार से लेकर चले की मुर्दे को झटका न लगे,साथ चलने वाले लोग जनाज़े के पीछे चले। औरतो को जनाज़े के साथ जाना नाजायज़ हैं, जनाज़े के साथ अगरबत्ती या लोबान सुलगा कर ले जाना मना हैं, जनाज़ा जब तक रखा न जाये तब तक बैठना मकरूह हैं।

पडोसी रिश्तेदार या किसी नेक मर्द, औरत के जनाज़े में शरीक होना नफ़्ल नमाज़ पढने से अफज़ल हैं जनाज़े में शरीक होने वाले को बिना नमाज़े जनाज़ा पढ़े वापिस नहीं जाना चाहिए।

नमाज़े जनाज़ा फर्जे किफ़ाया हैं अगर कुछ लोगो ने पढ़ ली तो सब बरी हो गए और अगर किसी ने नहीं पढ़ी तो जिन जिन लोगो को मौत की खबर मिली वह सब गुनहगार होंगे जो आदमी नमाज़े जनाज़ा फर्ज न माने वह काफिर हैं इसके लिए जमाअत शर्त नहीं एक आदमी भी पढ़ लेगा तो फर्ज अदा हो जायेगा

आजकल देखा जाता हैं की लोग जूता पहन कर और कुछ लोग जूते चप्पल पर खड़े होकर जनाज़ा की नमाज़ पढ़ लिया करते हैं।

ऐसी सूरत में जूता और वह ज़मीन जिस पर खड़े होकर नमाज़ अदा की जाये उन दोनों का पाक होना ज़रूरी हैं वरना नमाज़ नहीं होगी।

हर मुस्लमान की नमाज़े जनाज़ा पढ़ी जाएगी अगरचे वह कितना बड़ा गुनहगार क्यों न हो फिर भी कुछ ऐसे लोग हैं जिनकी नमाज़े जनाज़ा नहीं पढ़ी जाएगी जो इस तरह हैं-

1. बागी (गद्दार )
2. डाकू जो डाका डालते मारा जाये उसे न तो गुस्ल दिया जायेगा और न ही उसकी नमाज़े जनाज़ा पढाई जाएगी
3. जो नाहक की तरफदारी करते हुए मारा जाये
4.जिसने किसी का गला घोंट कर मार दिया हो
5.शहर में रात को हथियार लेकर लूटमार करने वाले भी डाकू की गिनती में आते है अगर इस हालत में मारे जाये तो उनकी नमाज़े जनाज़ा नहीं पढ़ी जाएगी
6.माँ बाप का क़त्ल करने वाले लोग
7.किसी का माल छीनने के दौरान मारे जाने वाले की भी नमाज़ नहीं पढ़ाई जाएगी।

खुदखुशी माना की हराम हैं, लेकिन खुदखुशी करने वाले की नमाज़े जनाज़ा पढ़ी जाएगी आम रास्ते और दुसरो की ज़मीन पर नमाज़े जनाज़ा पढना मना हैं हाँ अगर उसके मालिक से इसकी इजाज़त ली हो तो पढ़ सकते हैं।

मैय्यत को दफ्न करना फर्ज किफ़ाया हैं जहाँ इन्तेकाल हुआ वहीं दफ्न न करे बल्कि कब्रिस्तान में दफ्न करना चाहिए कब्र के अंदर चटाई वगैरह बिछाना नाजायज़ हैं।

मैय्यत को कब्र में रखते वक़्त दुआ पढ़े

मुस्तहब यह हैं की दफ्न के बाद अलिफ़ लाम मीम से मुफलेहुन तक और आमनर्रसूल से अललकौमिल काफेरिन तक पढ़े ,दफ्न के बाद तकरीबन आधा घंटा कब्र के पास बैठकर तिलावत करे उसके मगफिरत की दुआ करे और दुआ करे की मुन्कर नकीर के सवालों के जवाब आसानी से दे।

मिटटी देने की दुआ-

पहली बार मिट्टी डाले तो यह दुआ पढ़े मिन्हा खलकनाकुम

दूसरी बार मिट्टी डाले तो यह दुआ पढ़े-व फ़ीहा नुईदुकुम

तीसरी बार मिट्टी डाले तो यह दुआ पढ़े- व मिन्हा नुखरिजुकुम तारतन उखरा पढ़े

इसका मतलब यह हैं की हमने तुम्हे इसी मिट्टी से पैदा किया और फिर मरने के बाद इसी मिट्टी के हवाले करके और कयामत में तुम्हे फिर इसी मिट्टी से दोबारा निकालेंगे।

# बेगम जीनत महल-एक देशभक्त मुगल रानी



जीनत महल का जन्म 1823 ईस्वी में हुआ था। वह मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर द्वितीय की बेगम थी। वह एक बहादुर देशभक्त महिला थी। उन्होंने दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के भारत की स्वतंत्रता के लिए समर्पित योद्धाओं को अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध संगठित कर अपने देश प्रेम का बहुत परिचय दिया था। सन 1857 की क्रांति के समय बेगम जीनत महल ने बहादुर शाह जफर को प्रोत्साहित करते हुए कहा था कि यह समय गजलें कहकर दिल बहलाने का नहीं है बल्कि देशभक्त सैनिकों को साथ देने व बढ़ावा देने का समय है। सारे हिंदुस्तान की नजरें दिल्ली और बादशाह की ओर लगी है। यदि खानदान-ए-मुगलिया का खून हिंद को गुलाम होने देगा तो इतिहास में कभी हमे माफ नहीं करेगा। इससे उनकी देशप्रेम वह देशभक्ति के जुनून का पता चलता है। बहादुर शाह जफर द्वितीय के शासन काल के समय उन्हें राज्य संरक्षक भी कहा जाता है। अंतत: जब अंग्रेजों ने 1858 ईस्वी मां बहादुर शाह जफर द्वितीय की बादशाहत खत्म की तो बेगम जीनत महल भी उनके साथ निर्वासित जीवन जीने के लिए रंगून (बर्मा) चली गई जहां 17 जुलाई 1886 को उनका इंतकाल हो गया। रंगून में आज भी बादशाह बहादुर शाह जफर वह बेगम जीनत महल की दरगाह मौजूद है।

# क्या है इस्लामिक हिजरी साल ?

हिजरी नया साल का महत्व और एक प्रेरणादायक कहानी

अरब प्रायद्वीप में मक्का नामक एक प्राचीन और समृद्ध शहर था, जो अपने व्यापारिक केंद्र और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता था। यह शहर काबा नामक पवित्र स्थल का घर था, जहां लोग दूर-दूर से आकर पूजा करते थे। मक्का में एक ईमानदार और दयालु व्यक्ति रहते थे, जिनका नाम मुहम्मद था। मुहम्मद (स.अ.व.) ने अपने जीवन को सच्चाई और अल्लाह की सेवा में समर्पित कर दिया था।

संघर्ष की शुरुआत

मुहम्मद (स.अ.व.) ने अल्लाह के संदेश को लोगों तक पहुंचाना शुरू किया, जिसमें उन्होंने एक ईश्वर की पूजा, न्याय, और सामाजिक समानता की बात की। हालांकि, मक्का के कई प्रमुख लोग इस संदेश को स्वीकार नहीं कर सके। उन्होंने मुहम्मद (स.अ.व.) और उनके अनुयायियों को प्रताड़ित करना और उन पर अत्याचार करना शुरू कर दिया।

हिजरा की आवश्यकता

स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि मुहम्मद (स.अ.व.) ने अपने अनुयायियों के साथ मक्का छोड़कर मदीना जाने का फैसला किया। यह निर्णय आसान नहीं था, लेकिन यह इस्लाम और इसके अनुयायियों की सुरक्षा और स्वतंत्रता के लिए आवश्यक था। मुहम्मद (स.अ.व.) और उनके अनुयायियों ने रात के अंधेरे में मक्का से मदीना की यात्रा की, जिसे हिजरा कहा जाता है। मदीना में पहुंचकर, मुहम्मद (स.अ.व.) और उनके अनुयायियों ने एक नया समाज स्थापित किया, जो न्याय, समानता और भाईचारे पर आधारित था। मदीना के लोग भी मुहम्मद (स.अ.व.) के संदेश से प्रभावित होकर इस्लाम को अपनाने लगे। यहाँ, मुहम्मद (स.अ.व.) ने एक ऐसी व्यवस्था बनाई, जहां हर व्यक्ति को अपनी धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक अधिकार प्राप्त थे।



हिजरी कैलेंडर की शुरुआत

हिजरा की यह घटना इस्लामिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। इस यात्रा की स्मृति में, इस्लामिक कैलेंडर की शुरुआत की गई, जिसे हिजरी कैलेंडर कहा जाता है। हिजरी कैलेंडर का पहला वर्ष, जिसे 1 हिजरी कहा जाता है, उस समय से गिना जाता है जब मुहम्मद (स.अ.व.) ने मक्का से मदीना की यात्रा की थी।

इस्लामिक नया साल का महत्व

इस्लामिक नया साल, जो मुहर्रम के पहले दिन से शुरू होता है, हिजरा की याद में मनाया जाता है। यह दिन मुसलमानों के लिए आत्मनिरीक्षण, प्रार्थना और उपवास का समय होता है। वे इस दिन को पैगंबर मुहम्मद (स.अ.व.) और उनके अनुयायियों की कठिनाइयों और संघर्ष की याद में मनाते हैं। यह दिन उन्हें अपने विश्वास को मजबूत करने और अपने जीवन में इस्लाम के सिद्धांतों को लागू करने के लिए प्रेरित करता है।

प्रेरणादायक सीख

हिजरी नया साल हमें यह याद दिलाता है कि सच्चाई और न्याय की राह कभी भी आसान नहीं होती, लेकिन दृढ़ विश्वास और साहस से हर कठिनाई को पार किया जा सकता है। यह हमें सिखाता है कि हमें अपने विश्वास और मूल्यों के लिए हमेशा खड़ा रहना चाहिए, चाहे परिस्थितियां कितनी भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हों। इस प्रकार, हिजरी नया साल न केवल एक नया कैलेंडर वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है, बल्कि यह इस्लामिक समुदाय के लिए एक प्रेरणादायक और महत्वपूर्ण समय है, जो उन्हें अपने इतिहास और विरासत की याद दिलाता है और उन्हें एक बेहतर भविष्य की दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित करता है।

## पार्षद आसिम ने किया अस्थायी सफाईकर्मियों को हटाने का विरोध



कोटा, (रॉयल पत्रिका), शुक्रवार 5 जुलाई 2024 को वेलफेयर पार्टी ऑफ़ इंडिया के वार्ड नं 52 कोटा उत्तर से पार्षद मोहम्मद आसिम ने नगर निगम कोटा उत्तर आयुक्त के नाम ज्ञापन लिखकर सरकार द्वारा बजट का अभाव की बात कहकर हटाए गए कोटा उत्तर के अस्थायी सफाईकर्मियों को दौबारा नियुक्त करने की मांग की, ज्ञापन आयुक्त की अनुपस्थिति में उनके असिस्टेंट को सौंपा। पार्षद मोहम्मद आसिम ने बताया कि उनके वार्ड के कई स्थायी कर्मचारियों की या तो मृत्यु हो चुकी है या कुछ रिटायर हो चुके हैं ऐसे में वार्ड में थोड़े ही स्थायी कर्मचारी बचे हैं उनमें भी अधिकतर महिलाएं ही हैं। ऐसे में पुरूष अस्थायी सफाई कर्मचारियों द्वारा ही वार्ड का अधिकतर कचरा उठवाया जाता था लेकिन सरकार द्वारा बजट के अभाव की बात कहकर कोटा उत्तर के सभी अस्थायी सफाई कर्मचारियों को हटा दिया गया जिस कारण उनके वार्ड सहित कई वार्डों में सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है और हर तरफ़ कचरों के ढेर नज़र आने लगे हैं।आसिम ने ज्ञापन के माध्यम से तुरंत प्रभाव से निगम स्तर पर ही दौबारा अस्थायी सफाई कर्मचारियों को नियुक्त करने की मांग की।

## नवनियुक्त प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोभागमल का किया स्वागत



मांगरोल, (रॉयल पत्रिका)। 06 जुलाई। नगर पालिक के पुर्व वाइस चेयरमैन अब्दुल रजाक के नेतृत्व में उप जिला चिकित्सालय पहुंचकर डॉ. सोभागमल मीणा का प्रमुख चिकित्सा अधिकारी बनने पर माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही डिप्टी कंट्रोलर डॉ. शकील अहमद, डॉक्टर राम बुद्धेश मीणा का भी माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के पूर्व जिला सोशल मीडिया प्रभारी मोहम्मद इलियास, बूथ अध्यक्ष बूथ संख्या 62 नियाज अहमद, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मांगरोल के महामंत्री मोहम्मद कासिम, नियाज अहमद फर्नीचर वाले आदि मौजूद रहे।

## इस्लामपुर की बेटी बुशरा हैदर को मिला गोल्ड मेडल

**-राज्यपाल ने किया सम्मानित**

**मोहम्मद आरिफ चंदेल**



इस्लामपुर ( रॉयल पत्रिका)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर में गुरुवार को चौथे दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में इस्लामपुर की बेटी व रामादेवी बालिका महाविद्यालय, हरनाथपुरा की छात्रा बुशरा हैदर पुत्री शब्बीर अहमद खान(हैदर अली) को राज्यपाल कलराज मिश्र और कुलपति ने स्वर्ण पदक और उपाधि देकर सम्मानित किया। छात्रा बुशरा हैदर ने एमए उर्दू 2021 बैच में 88.88% अंक लाकर यूनिवर्सिटी टॉप किया था। गौरतलब है कि इससे पहले बुशरा के भाई रेहान हैदर को भी बीएड 2018 बैच में यूनिवर्सिटी टॉपर रहने पर गोल्ड मेडल मिल चुका है। छात्रा बुशरा के पिता भी जिला कलेक्टर व राज्यपाल से सम्मानित हो चुके हैं। बुशरा ने अपनी सफ़लता का श्रेय अपने माता-पिता, कॉलेज प्राचार्या और उर्दू लेक्चरर को दिया है। बुशरा हैदर की इस सफलता पर कॉलेज प्रबंधन समिति व परिजनों सहित ग्रामीणों ने खुशी का इजहार करते हुए छात्रा बुशरा को बधाई दी ओर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## इस्लामपुर के छात्र बिलाल हुसैन को पूर्व जिला कलेक्टर यूडी खान ने किया सम्मानित



झुंझुनूं। जयपुर के भांकरोटा में रविवार को मुस्लिम तेली मंसूरी समाज की ओर से प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेशभर के प्रतिभावान विद्यार्थियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली लगभग 200 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह में झुंझुनूं जिले के इस्लामपुर निवासी मोहम्मद बिलाल हुसैन को दसवीं बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन अंक प्राप्त करने पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और झुंझुनूं के पूर्व जिला कलेक्टर यूडी खान ने मोमेंटो, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्र बिलाल हुसैन को पिछले महीने भी जयपुर में हुए प्रदेश स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जा चुका है। गौरतलब है कि छात्र मोहम्मद बिलाल हुसैन पत्रकार मोहम्मद आरिफ चंदेल के पुत्र हैं।

# सुकेत में नलों में गंदा व झागदार पानी आने की शिकायत





सुकेत (रॉयल पत्रिका)। सुकेत कस्बे में नलों में बार-बार गंदा व झाग वाला पानी आने की शिकायत मिल रही है। कस्बे में जलदाय विभाग की ओर से की जा रही जलापूर्ति में प्रतिदिन यह शिकायत देखने को मिल रही है। कस्बेवासियों का कहना है कि जलदाय विभाग पानी को साफ नहीं कर रहा है। सफाई के दौरान अधिक केमिकल का उपयोग कर रहा है। जिससे पानी में झाग आ रहे हैं और पानी का स्वाद भी अलग-अलग आ रहा है। इस शिकायत पर जब कस्बे के जलदाय विभाग के प्लांट पर जाकर जानकारी ली तो वहां पर कई टैंकों में गंदगी नजर आई। पानी को फिल्टर करने वाले प्लांट में भी केमिकल की मात्रा अधिक नजर आई। जिससे झाग ऊपर ही तैरते दिखे। प्लांट के स्टोरेज टैंक में पानी में झाग की मात्रा अधिक देखने को मिली। यह झाग वाला पानी ही कस्बे में घर-घर पहुंच रहा है। कस्बे में जलापूर्ति में गंदा पानी मिलने का मुख्य कारण यह है कि सुकेत की जल व्यवस्था आहू नदी पर निर्भर है। जिसमें पानी समाप्त होने के बाद अब नीचे का गंदा पानी ही शेष रह गया है। उसे ही फिल्टर कर सप्लाई किया जा रहा है। जिसको साफ करने के लिए अधिक केमिकल का उपयोग कर रहे हैं। जिससे झाग बन रहे हैं। पूर्व में कस्बे में पानी के लिए आहू नदी के अलावा सुरेड़ा की खान व सातलखेड़ी गांव में स्थित अख्तर भाई की खान का भी उपयोग किया जाता था। अब नई योजना में इन दोनों स्रोतों उपयोग नहीं किया जा रहा है। पानी को साफ करने के लिए एलम का उपयोग किया जाता है। जिसकी मात्रा अधिक होने से झाग आ रहे हैं। जल्द ही केमिस्ट को बुलाकर इसकी मात्रा को सेट किया जाएगा। जिससे यह समस्या हल हो जाएगी। अंकित सारस्वत, एक्सईएन, जलदाय विभाग।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का झुंझुनूं में स्वागत

**-कार्यकर्ताओं ने किया जगह-जगह सम्मान**



झुंझुनूं ( रॉयल पत्रिका)। प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं पंचायती राज विभाग के मंत्री मदन दिलावर रविवार को जिले के दौरे पर रहे नवलगढ़ में रामदेव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत के बाद में झुंझुनू जिला मुख्यालय स्थित पहुंचे यहां उन्होंने प्रेस वार्ता में सादगी का परिचय देते हुए तकरीबन आधा घंटे लेट होने पर खेद जताया। मीडिया कर्मियों से बातचीत में उन्होंने कोचिंग संस्थानों में आत्महत्या कर रहे बच्चों पर सवाल पर उन्होंने कहा कि अभिभावकों को भी बच्चों पर पढ़ाई का दबाव कम करना चाहिए। मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई के अलावा भी करियर में अच्छा विकल्प है। मंत्री मदन दिलावर ने विद्यालयों में नामांकन, दुग्ध वितरण, तबादला नीति समेत विभिन्न मुद्दों पर संजीदगी से जवाब दिए। इस दौरान मुकेश दाधीच, बनवारी लाल सैनी , नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, पूर्व विधायक सुभाष पूनिया, कमलकांत शर्मा, मुरारी सैनी, राजेश बाबल, समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पहले उनका टोल, पुलिस लाईन क्रोसिंग के पास, पीरू सिंह सर्किल समेत विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

## सहरिया आदिवासी नाबालिग बच्ची की सामूहिक बलात्कार के बाद हत्या की घटना को लेकर पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया मिले पीड़ित परिवार से



बारां, (रॉयल पत्रिका), बारां जिले के सहरिया आदिवासी क्षेत्र शाहबाद में एक 13 साल की नाबालिग बालिका के साथ जैसलमेर में सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या किए जाने की घटना पर राज्य के पूर्व खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया दर्जनों कांग्रेसजनों के साथ गुरुवार 4 जुलाई को पीड़ित परिवार से मिलने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र शाहबाद पहुंचे जहां पर उन्होंने पीडित परिवारजनों को ढांढस बंधाया तथा पीडित परिवार को आर्थिक सहायता एवं आरोपियों को शीघ्र कठोर से कठोर सजा दिलवाते हुए दण्डित किए जाने की राज्य सरकार से मांग की गई। ब्लॉक अध्यक्ष शाहबाद धर्मेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहबाद क्षेत्र का आदिवासी परिवार जैसलमेर जिले के थाना क्षेत्र मोहनगढ के सुल्ताना गांव में रहकर लकड़ी से कोयला बनाने की मजदूरी करता था। रिश्तेदारी में शादी ब्याह होने से माता-पिता उनके दो बेटो व एक पुत्री को वहां पर अपने जीजा के पास छोड़कर 28 जून को अपने गांव आ गए। मृतका के पिता के पास सोमवार शाम को जीजा का फोन आया कि उसकी बेटी की मौत हो गई है। इसके बाद मंगलवार को वह ठेकेदार के दो आदमियों के साथ शव लेकर गांव पहुंचे। बालिका के साथ गैंगरेप की आषंका जताए जाने पर बालिका का शाहबाद में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। सहरिया आदिवासी मजदूर परिवार की बालिका के साथ सामूहिक बलात्कार व हत्या जैसे जघन्य अपराध की जानकारी मिलने पर गुरुवार को राज्य के पूर्व खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया दर्जनों कांग्रेसजनों के साथ पीडित परिवार से मिलने पहुंचे जहां पर उन्होंनें बालिका के परिवारजनों से मिलकर इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को तुरन्त आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाए जाने तथा सामूहिक बलात्कार, हत्या के दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाकर उनको कठोर सजा दिलवाए जाने की मांग की गई। भाया ने आदिवासी सहरिया मजदूर परिवार की बालिका के साथ हुए सामूहिक बलात्कार एवं हत्या के सम्पूर्ण घटनाक्रम से कांग्रेस प्रदेष अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को अवगत कराते हुए उनसे पीड़ित पक्ष को तुरन्त आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने, तुरन्त न्याय प्रदान किए जाने एवं दोषियों को कठोर दण्ड से दण्डित दिए जाने की कार्यवाही को लेकर विधानसभा में राज्य सरकार से मांग करने के लिए आग्रह किया गया। पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया के साथ पीडित पक्ष को ढांढस बंधाने के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा, पीसीसी सचिव हंसराज मीणा उदपुरिया, पूर्व विधायक किषनगंज निर्मला सहरिया, ब्लॉक अध्यक्ष किषनगंज अजीज नाजा, वरिष्ठ नेता घनश्याम नागर मिसाई, छगनलाल सेठी, चितरंजन पाठक, उप प्रधान शाहबाद कौषल राठौर, चेयरमेन नगर पालिका मांगरोल कौषल सुमन, राजवीर सिंह यादव बल्हारपुर, विरेन्द्र अग्रवाल एडवोकेट देवरी, सतीष शर्मा एडवोकेट, महावीर पांचाल मांगरोल, जिला परिषद सदस्य रवि मेहता, राजेन्द्र गुर्जर, पार्षद प्रवीण शर्मा, राजेन्द्र सुमन, मुर्तजा अंसारी सहित अन्य कांग्रेसजन साथ में रहे।

## सुकेत में युवक पर फायर करने वालों का नहीं लगा सुराग, लोगों ने जताया आक्रोश



सुकेत (रॉयल पत्रिका )। सुकेत कस्बे में सट्टे की खाईवाली को लेकर चल रहे विवाद में बुधवार रात को एक युवक पर फायरिंग करने वाले आरोपियों का शुक्रवार शाम तक भी कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं गोली लगने से घायल हुए युवक का जयपुर में उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार कस्बे में बुधवार रात करीब 12:40 बजे रामगंजमंडी रोड पर 3 युवकों ने फायरिंग की। इसमें पास ही गुजर रहे बाइक सवार यासिर पुत्र शराफत को एक गोली पांव में लगी। इससे वह घायल होकर गिर गया। फायरिंग करने वाले आरोपी बंदूक लहराते हुए सुकेत बस स्टैंड पर घूमकर वापस रामगंजमंडी की ओर फरार हो गए थे। इस फायरिंग का मुख्य कारण सट्टे की खाइवाली करने वाले दानिश व टीनू की गैंग की आपसी लड़ाई थी। इस मामले में पुलिस ने यासिर के पर्चा बयान पर तौकिर व विनोद के खिलाफ प्राणघातक हमले का मामला दर्ज किया था। इस पर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाले। इसके आधार पर पता चला कि आरोपी तीन बाइक पर सवार होकर आए थे और पांच जने थे। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। शुक्रवार शाम तक भी आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा था। थानाधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए जगह-जगह दबिश दी जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कस्बे में युवक पर हुए फायर के मामले में शुक्रवार को सभी समाज के लोगों ने मिलकर ग्रामीण एसपी के नाम थानाप्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि दानिश व टीनू दोनों कई सालों से कस्बे में सट्टा चला रहे हैं। दानिश के साथी विनोद योगी, तोकिर व अन्य लोग और दूसरी ओर टीनू अपने 4-5 साथियों के साथ अपनी गैंग के माध्यम से अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी सम्मिलित हैं। इनके द्वारा कस्बे में दहशत का माहौल पैदा किया जा रहा है। कस्बे में दोनों समुदाय के लोग आपसी सौहार्द से रह रहे हैं, लेकिन इन दोनों गैंग की ओर से सौहार्द को बिगाड़ा जा रहा है, जो कस्बे के लिए ठीक नहीं है। इसलिए इन दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए इन्हें तड़ीपार किया जाए।

## कारगिल विजय दिवस पर होगा वीरांगनाओं एवं योद्धाओं का सम्मान



झुंझुनूं ( रॉयल पत्रिका)।कारगिल विजय दिवस की 25वीं बरसी पर शहीदों की वीर धरा झुंझुनूं की धरती पर शेखावाटी की शहीद वीरांगनाओं व वीर योद्धाओं के विशाल सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर बुधवार को मदरसा बोर्ड अध्यक्ष एमडी चोपदार के निवास पर पूर्व सैनिक संघ झुंझुनूं के पदाधिकारीयों की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में शेखावाटी क्षेत्र की शहीद वीरांगनाओं और कारगिल योद्धाओं के सम्मान समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। सभी से विचार विमर्श कर एक कमेटी का गठन किया गया जो कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर विशाल सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिक संघ अध्यक्ष कैप्टन ताराचंद नुनिया के 80 वर्ष पूरे करने पर मदरसा बोर्ड अध्यक्ष एमडी चोपदार ने केक काटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इ स दौरान पूर्व सैनिक संघ अध्यक्ष कैप्टन ताराचंद नूनिया गौरव सेनानी समिति अध्यक्ष कप्तान महेंद्र सिंह झाझड़िया, पूर्व सैनिक संघ उपाध्यक्ष कैलाश सुरा, उपाध्यक्ष कैप्टन टीपू सुल्तान, कैप्टन अमरचंद खेदड़, कैप्टन रामनिवास नेतड़, कैप्टन लियाकत खान गिडानिया, खुडाना सरपंच सूबेदार महावीर सिंह, सूबेदार मनरूप सिंह, सूबेदार मेजर अकरम खान, परवेज अहमद, सूबेदार सुमेर सिंह हेजमपुरा, सूबेदार अमीन धनूरी, सूबेदार मेजर रफीक खान झंझोत, विजय पूनिया, कैप्टन रामनिवास कस्वा, कैप्टन जगदीश इसरवाल भारू, कैप्टन लाल खान सीरियासर, कैप्टन राजकुमार बाजीसर व कैप्टन असलम खान जाबासर सहित काफी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा जिला अध्यक्ष नन्दलाल सुमन का सफल आपरेशन हुआ



बारां ( रॉयल पत्रिका)। मंच से उतरने के दौरान गिर कर चोटिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन का जयपुर में सीकर रोड़ शैल्बी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में करीब 4 घंटे चला जटिल आपरेशन। सांसद दुष्यंत सिंह ने भी चिंता जताई और दूरभाष पर लगातार रहे संपर्क में, भाजपा नेता बद्रीप्रसाद मेघवाल ने दी जानकारी देते हुए बताया कि जिलाध्यक्ष सुमन को लगभग सायं 7:30 बजे आया होश । 2 से 3 दिन में छुट्टी मिलने की संभावना शीघ्र स्वस्थ होकर लौटेंगे सबके बीच । जिलेभर के भाजपा कार्यकर्ताओं, करीबियों, आमजन व परिजनों सहित कई लोगों ने ईश्वर की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना।

## इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल मिलते ही विशेष योग्यजनों के चेहरे में आई मुस्कान



बारां ( रॉयल पत्रिका)। सांसद दुष्यंत सिंह ने शनिवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल का विशेष योग्यजनों को वितरण का किया। लाभान्वित हुए विशेष योग्यजनों के चेहरे खुशी में दमकते नजर आए। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी निशांत सिंह ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र झालावाड़-बारां सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत सांसद निधि के माध्यम से विशेष योग्यजन गिरीराज सिंह निवासी ग्राम रेनगढ़, धन्नालाल तथा बलराम निवासी ग्राम रटावद को स्वीकृत इलेक्ट्रिक ट्राईसाईकिल का सांसद कार्यालय बारां में वितरण किया गया। इस दौरान विधायक राधेश्याम बैरवा, विधायक कंवरलाल मीणा, पूर्व सरपंच रामेन्द्र सिंह हाड़ा, कनिष्ठ सहायक सत्यनारायण गौतम व सुनील मालव, मनोहर सिंह व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## 17 जुलाई को ईमाम हुसैन की याद में निकाले जाएंगे ताजिए



बारां ( रॉयल पत्रिका)। पैगंबर मुहम्मद साहब के नवासे हजरत ईमाम हुसैन को कर्बला में 10 मोहर्रम को यजीद के इशारे पर उसकी फौज ने शहीद कर दिया था। उनकी याद में हर साल मोहर्रम के महीने में ताजिए निकाले जाते हैं, मातमी धुनों पर निकलने वाले ताजिये इन दिनों कारीगरों द्वारा बनाए जा रहे हैं, मेहला पाड़ा निवासी इकबाल नेता, इरशाद नेता इन दिनों ताजिया बनाने में जुटे हैं। लाइसेंसधारी अब्दुल खालिक उर्फ पप्पू नेता ने बताया की मोहर्रम की 9 तारीख (16 जुलाई) मंगलवार की रात को ताजिए का मुकाम अपने - अपने इमामबाड़ों में लगेगा। 10 मोहर्रम (17 जुलाई) को ताजिए निर्धारित मार्ग से निकाले जाएंगे, जहां शाम को कर्बला पहुंच कर ताजियो को ठंडा किया जाएगा। लाइसेंसधारी ताजिया कमेटियां तैयारियों में जुट गई है।

# चौखा गंगाणा में शीघ्र खुलेगी सीबीएसई बोर्ड की मुस्लिम गर्ल्स स्कूल - मोहम्मद अतीक



जोधपुर । चौखा गंगाणा स्थित दारुल उलूम अल अरबिया अल इस्लामिया मदरसा परिसर में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मदरसे के सचिव और मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी जोधपुर के चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक ने सभी मुस्लिम बिरादरियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में घोषणा करते हुए कहा कि शीघ्र ही मदरसे के पीछे के विशाल मैदान में सीबीएसई बोर्ड की कक्षा छठी से बारहवीं तक की इंग्लिश मीडियम डे बोर्डिंग मुस्लिम स्कूल शुरू की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस स्कूल में लड़कियों को भावी लीडर बनाने के मकसद से आधुनिक स्तर की सभी सुविधाओं के साथ भविष्य की तकनीक से जुड़ी गुणवत्ता शिक्षा प्रदान की जाएगी। मदरसे के कोषाध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन ने बताया कि स्कूल में दोपहर के सेशन के बाद तरबियती प्रोग्राम (नैतिक संस्कार) की व्यवस्था रहेगी। जिसमें बालिकाएं इस्लाम आधारित मुख्य आधारभूत जानकारियां, नमाज़ और कुरआन की सही समझ के साथ हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहोअलैहे वसल्लम के जीवन आधारित तालीम (शिक्षा) और पर्सनलटी डेवलपमेंट के गुण भी प्राप्त करेंगी। बैठक में अल्हाज अब्दुल सलीम चौहान, अब्दुल सलीम इंजीनियर, अताउर्रहमान कुरैशी, डॉ. मुईनउल हक, इकबाल बैण्ड बॉक्स, अब्दुल्लाह खालिद कुरैशी, मोहम्मद नासिर, अब्दुल रशीद अंसारी, अब्दुल सलीम चौबदार, मोहम्मद आसिफ, अख्तर हुसैन, रईस अंसारी, एडवाकेट अहमद हुसैन, इशाक गौरी, कय्यूम लोदी, इकरामुद्दीन अब्बासी, मोहम्मद साबिर, सूलेमान मोदी, अब्दुल रहीम सांखला, रजब अली, आसिफ खान, मोहम्मद असलम मंसूरी, अनीस खिलजी, शकील खिलजी, मोहम्मद शफी, मोहम्मद सिराज, एडवोकेट मोहम्मद असलम, साजिद खान जोधाणा, अहमद सर, अब्दुल सत्तार सहित शहर की विभिन्न मुस्लिम बिरादरियों के कई सदर, सेक्रेट्री, शिक्षाविद्, जनप्रतिनिधि और आमजन मौजूद रहे। कई प्रबुद्धजनों ने इस स्कूल के विकास एवं विस्तार के सम्बंध में अपने-अपने विचार भी साझा किये। अंत में स्कूल की कामयाबी एवं इसकी शीघ्र स्थापना के लिए मदरसे के अध्यक्ष मोहम्मद रमज़ान जमजम ने दुआ कराई। पूर्व में तिलावते कुरान मौलाना अब्दुल करीम नदवी ने की।

# लोहार समाज का प्रथम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



पाली। (रॉयल पत्रिका ) कौम कांटे वाले लोहार समाज का प्रथम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 1 दिवसीय फाइनल मैच का समापन समारोह विजन एकेडमी नया बस स्टैण्ड पवन रेजीडेंसी के सामने आयोजित हुआ। लोहार युवा टीम ने जानकारी दी की राइजिंग स्टार ने पहली बेटिग कर के 12 ओवर मे 77 का टारगेट किया। इसी के साथ लोहार 11ने रनो का पीछा किया और 10 विकेट से राइजिंग स्टार को मात देकर लोहार 11 ने विजेता ट्रॉफी जीती। इसी के साथ बेस्ट मैन ऑफ दा सीरीज इमरान,बेस्ट मैन ऑफ दा बोलर अफजल प्रत्येक मैच मे मैन ऑफ दा मैच इरफान,साहिल,अफजल रहे। क्रिकेट टूर्नामेंट को सफल बनाने मे लोहार युवा टीम आरिफ C,शाहारूख C,मुस्ताक S,आदिल S,रमजान S,अमजद J,ईमरान S,साजिद S,आरीफ S,ईमरान J,ईमरान S,अनीश S,जाकिर C, यासीन S,आरीफ S, अल्ताफ S,मोहसिनC सभी कार्यकर्ता व समाज के लोगों का सहयोग रहा साथ मे जोधपुर, नागौर,रोहिट,पीपाड़,जैतारण, आऊवा से समाज के लोग मैच देखने के लिऐ शामिल हुऐ।

# सीमेंट-कंक्रीट के जंगल में घुटेगी आदमी की सांस :कुमार अजय



चूरू (रॉयल पत्रिका ) एम ए पठान । जिले में चल रहे पौधरोपण अभियान के क्रम में रविवार को जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय परिसर के बाहर विधि सत्संग संस्था के सहयोग से पौधारोपण किया गया। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कार्मिकों ने श्रमदान किया और नीम, करंज आदि पौधे लगाए। इस दौरान कार्मिकों द्वारा पौधों की सुरक्षा की भी व्यवस्था की गई। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक कुमार अजय ने कहा कि राजस्थान को हरा-भरा बनाने के लिए पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण एक अभियान की तरह चल रहा है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशन में संपूर्ण जिले में सघन वृक्षारोपण अभियान चल रहा है। प्रत्येक विभाग द्वारा अपने-अपने कार्यालयों तथा अन्य स्थानों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के समय हमने देखा कि ऑक्सीजन कितनी महत्वपूर्ण है और पिछले दिनों गर्मी के दौरान भी यह महसूस किया की पेड़ कितने जरूरी हैं। वर्तमान समय में मनुष्य की आवश्यकताओं और महत्वाकांक्षाओं के कारण जंगलों की अंधाधुंध कटाई हो रही है और सीमेंट-कंक्रीट के जंगल उगते जा रहे हैं। यही वजह है कि पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है और अनेक प्रकार के संकट हमारे सामने आ रहे हैं। आखिर इन सीमेंट-कंक्रीट के जंगलों में आदमी की सांस घुटेगी लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। इसलिए पर्यावरणीय चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए जरूरी है कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। उन्होंने कहा कि जब हम कोई पौधा लगाते हैं तो एक तरीके से इस धरती के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। धरती हमारी मां है और हमारा हर तरह से पोषण करती है। जरूरत इस बात की है कि हम भी इस बात को समझें और जल, जंगल व जमीन को बचाने के लिए आगे आएं। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामचंद्र गोयल, पूर्व जनसंपर्क कर्मी जसवंत सिंह, मुकेश सैनी, प्रमोद कुमार सैन, अजय चांवरिया आदि मौजूद रहे।

# हरियाली है तो खुशहाली है अभियान के तहत मदरसा ग्राउंड में लगाए गए पौधे



चूरू/बिसाऊ (रॉयल पत्रिका )। इंसानियत एकता सेवा समिति द्वारा चल रहे पांच दिवसीय हरियाली तो खुशहाली है पौधरोपण अभियान के तहत मदरसा जामिया इनामुल उलूम में समिति संस्थापक करामत खान के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर मदरसे के अध्यापक कारी मोहम्मद शोएब ने बताया कि पर्यावरण को बेहतर बनाने और तापमान को कम रखने में पेड़-पौधों की अहम भूमिका रहती है। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उनका संरक्षण और उनकी सार- संभाल करनी चाहिए।इस दौरान कारी मोहम्मद इक़बाल, हाफिज अब्दुल अज़ीम, मास्टर मोहम्मद आबिद, मौलवी मोहम्मद फराहीम, हुज़ेफा खान, इब्राहीम खान, मोहम्मद रईस, मोहम्मद खालिद आदि मौजूद रहे।

# समिति का पांच दिवसीय हरियाली है तो खुशहाली है पौधरोपण अभियान का हुआ शुभारम्भ




चूरू (रॉयल पत्रिका )। जिला मुख्यालय पर इंसानियत एकता सेवा समिति द्वारा राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय एवं डॉ जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान में समिति व्यवस्थापक जाफर खान के नेतृत्व में "हरियाली है तो खुशहाली है" पांच दिवसीय पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अभियान आयोजक करामत खान उर्दू अदीब ने बताया कि अभियान का उद्देश्य क्षेत्र को हरा-भरा करना व अधिकाधिक पौधरोपण कर उनका संरक्षण करना है । उन्होंने कहा कि अभियान के तहत अगले पांच दिनों में जिले भर में 700 से अधिक पौधे लगाकर उनकी सार संभाल की जाएगी। इस दौरान आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक नियाज मोहम्मद खान, व डॉ जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान के प्रधानाध्यापक इदरीश खत्री राज, नवज्ञान ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर अरशद खान ओर मदरसा जामिया अरबिया इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक आवेश कुरैशी, सभी ने अपनी संस्थाओं में पौधारोपण किया। पौधारोपण में नौशाद खान, जावेद खान, डॉ इदरीस खान गौड़, प्राप्त खान, सुलेमान मणियार, डॉ अखतर खान, आमीन खान, हमीद खान रिसालदार , कमलेश सैनी, शाहरुख खान, अध्यापक इमरान खान, महबूब खान, जंगशेर खान, मुस्तफा खान, अबरार डीके आदि ने सहयोग किया। इसी क्रम में रेलवे कब्रिस्तान और कई अन्य जगहों पर मोहम्मद अली पठान, यूसुफ खान जोजो, जाफर खान, प्राप्त खान, आदि ने पेड़ - पौधे लगाकर अभियान को सफलतापूर्वक पूर्वक गति प्रदान की।

# सांचौर शहर में आम रास्तों एवं सड़कों पर निर्माण सामग्री या मलबा डालने पर परिषद करेगी कार्रवाई

## _समस्याओं के समाधान करने के लिए नगर परिषद में कंट्रोल रूम स्थापित

सांचौर ।(रॉयल पत्रिका) जिला कलक्टर के निर्देशानुसार नगर परिषद सांचौर के द्वारा सड़क पर निर्माण सामग्री डालने पर कार्यवाही करेगी। शहर की सड़कों एवं रास्तों पर निर्माणाधीन आवासीय, व्यावसायिक प्रतिष्ठान का जो मलबा व भवन निर्माण सामग्री सार्वजनिक भूमि या सड़क एवं मार्ग पर पड़ा मिला तो 3 दिनों के बाद परिषद करेगी कार्रवाई। नगर परिषद आयुक्त योगेश आचार्य ने बताया कि मुख्य सचिव राजस्थान सरकार द्वारा गुरूवार को ली गई वीसी में प्रदत आदेशों व जिला कलक्टर के निर्देशानुसार नगर परिषद के द्वारा ऐसे भू-स्वामियों को सूचित किया जाता है कि जिनके द्वारा अपने-अपने निर्माणाधीन आवासीय, व्यावसायिक प्रतिष्ठान का जो मलबा व भवन निर्माण सामग्री सार्वजनिक भूमि या सड़क एवं मार्ग पर पड़ा है वो 3 दिवस में स्वयं हटवा लेवें। अन्यथा नगर परिषद द्वारा राजस्थान नगरपालिका कानून 2009 के प्रावधान अनुसार सिजिंग, जब्ती एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए पार्थी/अप्रार्थीगण स्वयं उतरदायी होगें। इसके अतिरिक्त आम जन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को मध्य नजर रखते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर व उपखण्ड अधिकारी के निर्देशानुसार नगर परिषद ने नगर परिषद के कमरा नं. 7 में कंट्रोल रूम में सफाई, रोड लाईट एवं मृत पशुओं की समस्याओं का कार्मिकों द्वारा निस्तारण किया जायेगा। इस कंट्रोल रूम का नम्बर 02979-283280 है। परिष्द सभापति नरेश एच. सेठ ने बताया कि आमजन वर्णित समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु कंट्रोल रूम के नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकतें है। उक्त शिकायतों का कार्मिकों द्वारा लगातार फलोअप लिया जायेगा।

# अंसारी समाज सेवा संस्था द्वारा रक्तदान शिविर 108 यूनिट

## -रक्तदान शिविर में 6 महिलाओं ने किया रक्तदान

**इकबाल शाह**



भीलवाड़ा ( रॉयल पत्रिका)। अंसारी समाज सेवा संस्था द्वारा 7 जुलाई रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। गुल अली नगरी ईदगाह के पीछे स्थित अंसारी जमात खाने में शहर सहित सांगानेर मांडल पुर व आसपास के क्षेत्र से रक्त वीरों ने पहुंचकर रक्तदान किया शिविर में बड़ी संख्या में युवा पुरुषों सहित महिलाओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि रक्तदान शिविर में महात्मा गांधी बल्ड टीम ने अपनी सेवाएं दी। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर में 108 यूनिट रक्त किया गया है जिसमें 6 महिलाओं ने ब्लड डोनेट किया है । बाद में संग्रहित किया गया रक्त महात्मा गांधी बल्ड बैंक टीम को सोपा गया है ताकि संग्रहित किया गया रक्त इमरजेंसी में किसी की जान बचा सके। संस्था द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले वीरों को अंसारी समाज सेवा संस्था भीलवाड़ा द्वारा रक्त वीर सम्मान ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर अंसारी समाज सहित संस्थान और कमेटी के मेंबर मौजूद थे।

# भीलवाड़ा के इतिहास का एक ऐतिहासिक कार्यक्रम साबित हुआ मुस्लिम प्रतिभा सम्मान सामरोह



भीलवाड़ा ( रॉयल पत्रिका)। भीलवाड़ा शहर में रविवार को आयोजित हुआ मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह इतिहास के पन्नो पर सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया है। इस कार्यक्रम की तैयारी पिछले 1 महीने से चल रही थी। कुल 484 बच्चो ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। कार्यक्रम की शुरुवात तिलावते कुरान से हुई। उसके बाद सदस्यों ने सभी का इस्तकबाल किया। शहर के कई बड़े प्रीसिपल ने अपने बेहतरीन स्पीच दी, उसके बाद मेहमाने खुसूसी हजरत अल्लामा मौलाना मोहम्मद शाकिर नूरी साहब के बयान से पूरा टाउन हाल जगमगा उठा। जयपुर से आए मेहमान ए खुसूसी जनाब दोलत खान ने अपनी बेहतरीन स्पीच से बच्चो को हौसला बढ़ाया चारो टॉपर बच्चो के देख पूरा हाल खुश था। इस ऐतिहासिक प्रोग्राम में मेहमान खुसूसी अल्लामा मौलाना जनाब मोहम्मद शाकिर अली नूरी सहाब,जनाब दौलत खान साहब,जनाब अब्दुल सलाम मंसूरी साहब,जनाब कालू भाई शेख साहब,जनाब मोहम्मद रफीक रंगरेज साहब,जनाब हाजी अहमद हुसैन मंसूरी साहब (टॉस वाले) जनाब शकील अहमद शेख साहब,जनाब मोहम्मद आलम साहब सहित भीलवाड़ा की कई हस्तियां मौजूद रही। आयोजन कमेटी के शाहबुद्दीन शेख,अब्दुल हमीद रंगरेज,हाजी मोहम्मद अकरम छिपा,मोहम्मद अली मंसूरी,मोहम्मद शाहिद देशवाली,मोहम्मद आसिफ मेवाफरोश,अली शेख,मोहम्मद कय्यूम सक्का वे अजहरुद्दीन शेख ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# जिले में मोहर्रम एवं गुरु पूर्णिमा के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

सांचौर। (रॉयल पत्रिका) जिला मजिस्ट्रेट शक्ति सिंह राठौड़ ने क्रमशः 17 जुलाई एवं 21 जुलाई को मनाए जाने वाले मोहर्रम एवं गुरु पूर्णिमा के मौके पर जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेटों को कार्यपालक एवं तहसीलदारों को सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। आदेशानुसार जिले के सांचौर, रानीवाड़ा, बागोड़ा एवं चितलवाना उपखंड के लिए संबंधित उपखंड मजिस्टेट कार्यपालक एवं तहसीलदार सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट होंगे। उपखंड मजिस्ट्रेट कार्यपालक एवं तहसीलदार सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था आदि के बारे में पुलिस अधिकारियों से विचार-विमर्श कर कानून व्यवस्था एवं लोक-शांति संबंधी सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करेंगें। जिले में कानून व्यवस्था के प्रभारी अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सांचौर होंगे।

# पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ हो रहे अनुचित एवं असभ्य व्यवहार के विरोध में गृहमंत्री को ज्ञापन भेजा



नागौर। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली, कूचबिहार और उत्तर दिनाज़पुर (चोपरा) में हुई घटना से अत्यंत व्यथित होकर महिला संगठनों द्वारा नागौर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा । जिला कलक्टर के माध्यम से भारत के गृहमंत्री को भेजे गए इस ज्ञापन में लिखा गया कि पश्चिम बंगाल में दिन - प्रतिदिन महिलाओं की बिगड़ती हुई स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। कानून और व्यवस्था केवल शब्दकोष तक सिमटकर रह गए है ऐसा प्रतीत होने लगा है। संदेशखाली, कूचबिहार और उत्तर दिनाज़पुर (चोपरा) की घटना सभ्य समाज का मस्तक लज्जा से झुका देनेवाली हैं। निरीह, निरपराध नागरिकों का और विशेषतः महिलाओं का शोषण और दर्दनाक उत्पीड़न सर्वथा निंदनीय है। भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ानेवाली ये घटनाएं तालिबानी शासन का स्मरण कराती है। विभिन्न महिला संगठनों के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में लिखा गया कि एक महिला मुख्यमंत्री के होते हुए भी महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार और अपमान से हम सब महिलाएं अत्यंत व्यथित है और भारत के गृहमंत्री से निवेदन किया गया कि इस पूरे मामलें में हस्तक्षेप करे तथा घटना की न्यायिक जाँच करवाएं। सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए । साथ ही अनुरोध किया गया कि पीड़ित महिलाओं के शारीरिक और मानसिक उपचार और उनके पुनर्वसन की प्रभावी व्यवस्था की जाए। महिला संगठनों ने इस पूरे मामले की कठोर निंदा करके मांग की गई कि कृपया इस अत्यंत संवेदनशील स्थिति का संज्ञान लेते हुए शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करें। न्याय और विधि नियम की पुनः स्थापना की अपेक्षा इसमें की गई। मरुधरा महिला मंच, नारी चेतना मंच, जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन मंच, अहींछत्र वीरा महिला मंडल, आदि संगठनों की ओर से दिए गए ज्ञापन में महिला संगठनों ने द्वारा इसमें सहभागिता दी गई।

# गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को "समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान" के लिए अचीवमेंट अवार्ड




उदयपुर। अहमदाबाद में हेल्थकेयर ओनर्स कॉन्क्लेव का आयोजन 6 जुलाई को किया गया| गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को "समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान" के लिए अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया| जिसे डॉ राजीव पंड्या, प्रबंधक मानव संसाधन ने ग्रहण किया| कांफ्रेंस के अन्दर देशभर से लगभग 1000 से भी अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया व इस कॉन्क्लेव 500 से अधिक कंपनियां इसका हिस्सा बनी| कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल रहे| कार्यक्रम में अहमदाबाद व देशभर से जुड़ी फर्मास्यूटिकल कंपनियां व स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अग्रसर कंपनियों के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया व पैनल पर चर्चाएँ की गयी| कार्यक्रम में पैनल पर चर्चा के दौरान इकिसवी सदी के विकसित भारत के परिपेक्ष्य में "स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र" किस तरह अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है पर देशभर से आये विशेषज्ञों ने विस्तृत चर्चा कर अपने विचार व्यक्त किये| साथ ही इस विषय पर भी चर्चा की गयी कि आने वाले समय में सरकार द्वारा प्रस्तावित योजनाएं किस तरह से भारतीय युवाओं के स्वास्थ्य अहम परिवर्तन ला सकती है और स्वास्थ्य सेवाएं किस तरह की चुनौतियों का सामना कर रही हैं|

# बरसात के मौसम मे नागौर के कई इलाके डूब जाते हैं

नागौर। बरसात का मौसम जब भी आता है सभी लोग खुशी जाहिर करते हैं लेकिन इसके उलट नागौर शहर के लोग इंतजार करते हैं कि बरसात का मौसम खत्म कब होगा, क्योंकि नागौर शहर में बरसात के पानी के निकासी उचित प्रबन्धन आज तक नहीं किया गया। यही है। जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित के निर्देश पर बीएसएफ, एसडीआरएफ, नागरिक सुरक्षा के जवानों को आपदा से निपटने के लिए तैनात किया गया है । इसी के मद्देनजर एसडीआरएफ के इंचार्ज बंजरग लाल और बीएसएफ के एस एस राठौड और उम्मेद ज्यादा रहती है या बरसात के मौसम में पानी भराव ज्यादा रहता है उन क्षेत्रों में भी भीइसी की है , और किसी भी स्थिति में आमजन को नुकसान ना हो इस बारे में चर्चा की गई । बीएसएफ, एसडीआरएफ, नागरिक सुरक्षा के जवानों ने बताया कि बाढ़ की



वजह है कि हर बरसात में नागौर के कई इलाके पानी में डूब जाते हैं। किसी इलाके में तो थोड़ी सी बरसात आते ही लोगों के घरों में पानी घुस जाता है और खुदा की रहमत माने जाने वाली बरसात नागौर शहर के लोगों के लिए आफत साबित होती है । इस बार भी हालात कमोबेश पिछले सालों की तरह ही है । ऐसे में नागौर शहर में मानसून में संभावित बाढ़ आपदा से निपटने के लिए नागौर प्रशासन अलर्ट मोड पर सिंह नागौर नगर परिषद और नागरिक सुरक्षा के जवान करण ओम प्रकाश राजूराम ने नागौर शहर के भीतरी इलाकों में .जाकर संभावित बाढ की स्थिति को देखते हुए शहर के भार्गव मौहल्ला ,कुम्हारी दरवाजा बच्चा खाडा , बी रोड, गाजी खाड़ा इलाके का दौरा किया और उन इलाकों की तंग गलियों , बरसाती नाले और तालाबों का मौका देखा । शहर के वे इलाके जहां पर मानसून में बरसात के बाद, पानी की आवक स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी है । अगर बाढ की स्थिति आती है तो प्रभावित इलाको से आमजन को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने के रास्तों और आश्रय गृह के लिए विभिन्न स्थानों को चिहिन्त भी किया गया । इसके साथ ही टीमों ने स्थानीय निवासियों से भी संवाद किया और अगर आपदा की स्थिति आती है तो सबको मिलकर उस आपदा से मुकाबला करने का आह्वान किया ।

# प्रिंटिंग एंड डिजाइनिंग एसोसिएशन की आम मिटिंग सम्पन्न




पाली ( रॉयल पत्रिका)। प्रिंटिंग एंड डिजाइनिंग एसोसिएशन द्वारा 7 जुलाई 2024 को एक निजी होटल में आम मीटिंग आयोजित की गई। जिसमे संगठन के वर्तमान अध्यक्ष चम्पालाल परिहार, कोषाध्यक्ष प्रदीप भाटी, उपाध्यक्ष नरेश भाटी दिनेशसिंह राजपुरोहित, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश बागड़ी व संगठन के सदस्य अमित भाटी, रविन्द्र सोनी, गोविंद सांखला, दीपक देवड़ा, अमजद जोया, सलीम डायर, इंद्र कछवाहा, विनोद परिहार, माणक चौहान, भगीरथ, रमाशंकर प्रजापति, राकेश पूरी, आजादसिंह, नितेश, मनीष भाटी की उपस्थिति में संगठन की मजबूती व् एकता को बढ़ावा देने में अपने अपने विचार प्रकट व् सुझाव दिए और साथ ही सबकी सहमति से कुछ महत्त्वपूर्ण फैसले लिए गए जिसमे हर महीने के अंतिम रविवार का अनिवार्य अवकाश रखना जैसा निर्णय शामिल हैं।

**वार्षिक शुल्क तय किया**

10 जुलाई तक चुनाव समिति गठित करके 28 जुलाई 2024 को नए अध्यक्ष पद हेतु चुनाव करके चुनाव पश्चात 2 महीने के अंदर संगठन का रजिस्ट्रेशन करना तय किया गया।

# राजस्थान उर्दू शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमीन कायमखानी राजकीय सेवा से सेवा निवृत।

जयपुर। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शहीद इंद्रा ज्योति नगर भट्टा बस्ती में कार्यरत उर्दू शिक्षक अमीन कायमखानी 30 जून को सेवानिवृत्ति होने पर स्कूल के शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों के अभिभावकों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। विदाई कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर कायमखानी द्वारा विद्यालय की विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए वॉटर डिस्पेंसर विद्यालय को भेंट किया। कायमखानी ने मदरसा



तथा उर्दू शिक्षा के हित में सदैव अपना योगदान देने की घोषणा की। संस्था के संस्था प्रधान राम अवतार मीणा,शिक्षक सीताराम जाट,दीनदयाल मीना,शोभा,सीमा शर्मा,सीमा कुमारी सैन तथा अरशद हुसैन के अलावा मदरसा शिक्षा सहयोगी संघ के सैय्यद मसूद अख्तर,जामिया तय्यबा मदरसा के संचालक कारी इशहाक आदि उपस्थित रहे। अमीन कायमखानी संगठन की गतिविधियों और उर्दू एवं अल्पसंख्यकों की आवाज उठाने को लेकर हमेशा चर्चित रहें। अमीन कायमखानी संघर्षशील व्यक्ति हैं।

# अंग प्रत्यारोपित भारतीय प्रतिभागियों ने 4, युगल और टीम वर्ग में 5 पदक जीते

जयपुर। थाईलैण्ड की राजधानी बैंकॉक में अंग प्रत्यारोपित प्रतिभागियों की प्रतियोगिता में राजस्थान माइंस विभाग के माइनिंग इंजीनियर आरिफ मोहम्मद शेख सहित भारतीय दल ने एक स्वर्ण, एकल प्रतियोगिता में दो रजत, 2 कांस्य व 4 युगल जोड़ियों ने कांस्य व एक तिकड़ी ने कांस्य पदक भारत की झोली में डालकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में भारतीय दल में 10 खिलाड़ियों में दिल्ली के राहुल कुमार का हार्ट ट्रांसप्लांट व दिल्ली के पराग कमल शर्मा, हरियाणा के सतबीर सिंह, राजस्थान से जयपुर




के हर्षवर्धन सिंह, हितेश शर्मा, अमित कुमार, सैय्यद मुजाहिद अली नकवी, उदयपुर से रेहाना बेगम, आरिफ मोहम्मद शेख और झुंझुनूं के भवानी सिंह का किडनी ट्रांसप्लांट हो चुका है, उदयपुर से रेहाना बेगम ने सपोर्टर केटेगरी में तथा ऑर्गन इंडिया, पाराशर फाउंडेशन संस्थान के पदाधिकारी शंकर अरोड़ा ने टीम 8500" मैनेजर के रूप में भाग लिया। खान सचिव आनन्दी व खान विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभाग के माइनिंग इंजीनियर आरिफमोहम्मद शेख सहित भारतीय दल के सदस्यों को शुभकामनाएं और बधाई दी है।

# आगामी विधानसभा उपचुनाव और निगम चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने शुरु किया बैठकों का दौर।

**-राजस्थान में विपक्ष और जनता की आवाज बनेगी आम आदमी पार्टी - नवीन पालीवाल**

जयपुर( रॉयल पत्रिका)। आम आदमी पार्टी ने राजस्थान में आगामी विधानसभा और निकाय चुनाव को लेकर राजस्थान में सक्रियता बढ़ा दी है! प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक और राजस्थान प्रभारी विनय मिश्रा के साथ बैठक कर राजस्थान में संगठन विस्तार हेतु चर्चा की थी। उसके बाद राजस्थान में जिलावार बैठकों का दौर शुरू कर दिया हैं। आज जयपुर में नवीन पालीवाल ने जयपुर जिला इकाई के साथ बैठक की और आगामी निकाय चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने बताया की राजस्थान की जनता को मजबूत विपक्ष देने के लिए आम आदमी पार्टी प्रतिबद्ध हैं।आगामी निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी मजबूती से चुनाव लडेगी और जनता को मजबूत विकल्प देगी। जयपुर लोकसभा अध्यक्ष अर्चित गोयल ने बताया की भाजपा सरकार से जनता का 6 महीने में मोह भंग हुआ,जनता अब बदलाव चाहती है, जयपुर नगर चुनाव में आम आदमी पार्टी मजबूती से उतरेगी,जल्द सभी विधानसभाओं की बैठक कर आगामी निगम चुनाव की तैयारी शुरू होगी।

# डॉ. श्याम सुंदर बैरवा को पीएचडी की डिग्री दी गई

**-राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के 13वें दीक्षांत समारोह में हुआ विशेष सम्मान**

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के 13वें दीक्षांत समारोह में माननीय राज्यपाल ने माणिक्य लाल वर्मा टेक्सटाइल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के टेक्सटाइल केमिस्ट्री ब्रांच के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. श्याम सुंदर को पीएचडी की उपाधि प्रदान की । इस अवसर पर कॉलेज के बी. टेक 2022 बैच (टेक्सटाइल केमिस्ट्री ब्रांच) के भावेश छीपा एवं पुन्यतोया



त्रिपाठी (टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी ब्रांच) को स्वर्ण पदक से नवाजा गया। साथ ही बी टेक 2023 बैच की काजल मतलानी (टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी ब्रांच) को भी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डी. एन. व्यास और सहायक प्रोफेसर अनुराग जागेटीया ने भाग लिया

# स्पीकर देवनानी ने विधायकों को लंच ब्रेक की व्यवस्था दी

**—राजस्थान विधानसभा में पहली बार हुआ लंच ब्रेक**

**—लोकसभा की तर्ज पर राजस्थान विधानसभा में भी लंच ब्रेक**

जयपुर। (रॉयल पत्रिका) राजस्थाान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोलहवीं



राजस्था न विधानसभा के द्वितीय सत्र में गुरूवार को लोकसभा की तर्ज पर सत्र की बैठकों के दौरान मध्यान्ह भोजन अन्तराल की व्यनवस्थां दी। देवनानी ने कहा कि लोक सभा की तर्ज पर राजस्थान विधान सभा में भी भोजन अन्तराल का निश्चित समय तय किया गया है। इससे एक ही समय पर सभी विधायकगण भोजन कर सकेंगे और उसके बाद पुनः सदन में कार्यवाही में भाग ले सकेंगे। उल्लीखनीय है कि देवनानी ने लंच ब्रेक के बारे में सर्वदलीय बैठक में भी चर्चा की थी। देवनानी के इस प्रस्ताव पर सर्वदलीय बैठक में मौजूद सभी दल के प्रतिनिधियों ने इसे अच्छी पहल बताते हुए सहमति व्यक्त की थी। गुरूवार को पहली बार सदन की बैठकों के दौरान राजस्थानन विधानसभा में मध्याहन्ही भोजन अंतराल किया गया। सदन की बैठकों के दौरान पहली बार सभी विधायकगण ने एक ही समय पर भोजन किया। इससे पहले विधायकगण अपनी-अपनी सुविधा के अनुसार लंच के लिये जाते थे।

# शिक्षा दान सर्वश्रेष्ठ मानव सेवा - डॉ. प्रेम चंद बैरवा

**-समर्पण संस्था का शिक्षा दान महोत्सव सम्पन्न**



जयपुर। जरूरतमंद प्रतिभावान विद्यार्थियों की शिक्षा में आर्थिक मदद करना सर्वश्रेष्ठ मानव सेवा है । समर्पण संस्था जाति व धर्म से ऊपर उठकर पूरे मानव समाज के लिए प्रशंसनीय कार्य कर रही है ।आज जिन विद्यार्थियों की सहायता की जा रही है यही बच्चे भविष्य में समाज का गौरव होंगे ।" उक्त विचार समर्पण संस्था के शिक्षा दान महोत्सव में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने व्यक्त किये । उन्होंने कहा कि " प्रतिभावान विद्यार्थियों का सहयोग समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान है । संस्था का निर्माणाधीन समर्पण आश्रय केयर भवन भी भविष्य में समाज के लिए महत्वपूर्ण भुमिका निभायेगा । इससे पूर्व शिक्षा दान महोत्सव की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई । इसके साथ समर्पण प्रार्थना का उच्चारण कोषाध्यक्ष राम अवतार नागरवाल, सुश्री अंजलि माल्या व सुश्री सुवज्ञा माल्या ने करवाया ।और एक डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म द्वारा संस्था गतिविधियों की जानकारी दी गई । महोत्सव में संस्था द्वारा चयनित कुल 155 जरूरतमंद निर्धन विद्यार्थियों को फ़ीस के चेक व शिक्षण सामग्री भेंट की गई । तथा सभी विद्यार्थियों को "समर्पण आदर्श विद्यार्थी" का कार्ड दिया गया ।इस अवसर पर जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग करने वाले संस्था द्वारा नियुक्त 51 एज्युकेशनल एम्बेसेडर्स को भी सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया । संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने अपने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए संस्था गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी । डॉ. माल्या ने समर्पण आदर्श विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि कभी हिम्मत नहीं हारें । निरन्तर प्रयास से सफलता ज़रूर मिलती है ।" इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि आई. ए. एस. सुबोध अग्रवाल , रावत एज्युकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी. एस. रावत , प्रधान मुख्य सलाहकार व सेवानिवृत प्रधान आयकर आयुक्त अनिल कुमार जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। महोत्सव में लोकनृत्य कलाकार सीताराम बैरवा द्वारा एक लोकनृत्य की सुन्दर प्रस्तुति दी गई व लोकगायक वेदराज बैरवा ने बेटियों को शिक्षा के लिए प्रेरक लोकगीत प्रस्तुत किया । गायक रोहित बैरवा ने भी प्रेरक गीत प्रस्तुत किया ।

# मसूद पेजेशकियन बने ईरान के राष्ट्रपति

तेहरान (एजेंशी) ईरान। ईरान में 19 मई को हेलिकॉप्टर हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत के बाद हुए दूसरे चरण के चुनाव में सुधारवादी नेता और देश में हिजाब के सख्त कानून में कुछ ढील देने के पक्षधर मसूद पेजेशकियन (69) ने जीत दर्ज की है। वह प्रतिद्वंद्वी कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हराकर विजेता घोषित किए गए। पेजेशकियन को 1.63 करोड़ वोट मिले जबकि जलीली को 1.35 करोड़ मत मिले। मसूद को मिले एक करोड़ 63 लाख वोटों में से 50 फीसदी 30 साल से कम उम्र वालों के हैं।

**पीएम मोदी ने दी बधाई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मसूद पेजेशकियन को ईरान का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर शनिवार को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे लोगों और क्षेत्र के लाभ के लिए हमारे गर्मजोशी भरे और दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक हूं।

**कौन हैं मसूद पेजेशकियन?**

पेशे से हृदय रोग सर्जन रहे पेजेशकियन 1997 में देश के स्वास्थ्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह न सिर्फ पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी के समर्थक रहे हैं बल्कि



उनके कार्यकाल में हुई 2015 की परमाणु संधि के भी पक्षधर हैं। उन्होंने अब तक पश्चिमी देशों के साथ संबंध बनाने पर जोर दिया है। यही नहीं, महसा अमिनी की हिजाब का विरोध करने पर जेल में हुई मौत के बाद देशभर में भड़के हिजाब विरोधी आंदोलन में भी पेजेशकियन ने इस कानून को आसान बनाने का चुनाव अभियान में वादा किया था। ईरान के मतदाताओं ने इसी वादे और उनके सुधारवादी रुख के चलते उन्हें देश का 9वां राष्ट्रपति चुना।

**कहां भारी पड़े पेजेशकियन?**

ईरान की कुख्यात मॉरल पुलिस बसिज के अधिकारों में कटौती और हिजाब की अनिवार्यता खत्म कर इसे वैकल्पिक बनाने का वादा किया। पश्चिमी देशों के ईरान से प्रतिबंधों को हटाने का वादा किया। इससे अर्थव्यवथा सुधरेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मसूद ने नुक्कड़ सभाएं कर लोगों से सीधा संवाद किया। 34 साल की बेटी मरियम ने चुनाव प्रचार कर युवा वोटरों को साधा। मसूद ने यह भी एलान किया कि अगर वादे पूरे नहीं हुए तो राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे देंगे।

**1997 में ईरान के स्वास्थ्य मंत्री के तौर पर दे चुके हैं सेवाएं**

ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन पेशे से डॉक्टर हैं और ईरान की तबरीज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रमुख रहे हैं। पेजेशकियन साल 1997 में ईरान के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। वह पहली बार राष्ट्रपति चुनाव में नहीं उतरे। 2011 में उन्होंने पहली बार राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन किया था, लेकिन बाद में उन्होंने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। पेजेशकियन की पहचान एक उदारवादी नेता की है और वह पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी के करीबी माने जाते हैं।
















मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए डीबी प्रिंट सोल्यूशन्स (यूनिट ऑफ डीबी कॉर्प लि.) 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886, G-mail : royalpatrika@gmail.com, Yahoo : royal_patrika@yahoo.com